## खबर संक्षेप

### विवाहिता ने फांसी लगाकर मौत को गले लगाया

**सतना।** सोहावल में अंजली चौधरी पत्नी जितेन्द्र चौधरी 30 वर्ष ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतिका का विवाह 9 वर्ष पूर्व सोहावल निवासी जितेन्द्र चौधरी के साथ हुआ था। उसके दो बच्चे क्रमशः 5 एवं 7 वर्ष के हैं। मृतिका का मायका मटीमा गांव में है। सूचना मिलने पर सोहावल चौकी प्रभारी ने मौके पर पहुंच कर मुआयना किया। शव को फंदे से उतार कर पंचनामा के उपरांत शासकीय अस्पताल से पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया है। पुलिस मर्ग कायम कर घटना में जांच कार्यवाही कर रही है। घटना के संबंध में सोहावल चौकी प्रभारी ने बताया कि पूछताछ के दौरान यह जानकारी मिली है कि परसों मृतिका का पति के साथ झगड़ा हुआ था। माता-पिता द्वारा सूचना मिलने पर घर जाकर दोनों के बीच समझौता करवा दिया गया था। पुलिस के मुताबिक कल दोपहर जो भी बात हुई हो,इसका पता नहीं चल सका है। गुरुवार सुबह अंजली चौधरी की लाश घर के अंदर फंदे पर झूलती पायी गयी। पुलिस पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार कर रही है। रिपोर्ट प्राप्त होने पर उसके आधार पर अगली कार्यवाही की जायेगी। उधर मृतिका के माता-पिता का आरोप है कि पति द्वारा अंजली के साथ मारपीट की गयी थी। जिसके कारण ग्लानिवश उसने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।

### बिना दस्तावेज वाहन चलाने पर काटे चालान

**कटनी।** यातायात थाना प्रभारी राहुल पांडे के नेतृत्व में मिशन चौक पर सघन जांच की गई। इस दौरान एक सैकड़ा ई रिक्शा वाहनों के खिलाफ कार्यवाही को अंजाम दिया गया। यातायात विभाग की इस कार्यवाही से हड़कंप की स्थिति निर्मित रही। यातायात थाना प्रभारी राहुल पांडे ने बताया कि जांच में बहुत से ई रिक्शा चालक ऐसे मिले जो कि बिना दस्तावेज के ही शहर में फर्राटा भर रहे थे। कई ई रिक्शा चालकों के द्वारा यातायात नियमों की खुलेआम अवहेलना की जा रही थी। ऐसे सभी वाहन चालकों के खिलाफ कार्यवाही करते हुए उनसे जुर्माना वसूल किया गया। यातायात थाना प्रभारी श्री पांडे ने कहा कि ई रिक्शा चालकों के खिलाफ कार्यवाही का क्रम आगे भी जारी रखा जाएगा।

### दो कैप्सूल वाहनों पर 12 हजार रूपए लगाया जुर्माना

**कटनी।** जुहला बाईपास चौकी द्वारा वाहन चेकिंग के दौरान 2 कैप्सूल वाहन (बल्कर) क्रमांक **MP** 19 **HA** 0978 एवं **MP** 19 **HA** 3071 को रोककर चेक किया गया। जिसमे दोनों 22 चका वाहनों में केवल 18-18 चके लगे पाए गए। रजिस्ट्रेशन चेक करने पर दोनों वाहनों मे एक-एक एक्सेल कम लगा कर रजिस्ट्रेशन शर्तों का उल्लंघन कर यान में परिवर्तन करना पाया गया। जिस पर वाहन को अग्रिम कार्यवाही हेतु सुरक्षार्थ थाना **NKJ** में खड़ा कराया गया एवं प्रत्येक कैप्सूल वाहन का मोटर व्हीकल एक्ट की धारा के अन्तर्गत 6 हजार इस प्रकार कुल 12 हजार रुपये का चालान बनाया गया। वाहन चेकिंग के दौरान चौकी प्रभारी जुहला बाईपास सूबेदार मोनिका खड़से, सउनि राजेश कोरी, आरक्षक दीपक चक्रवर्ती एवं डूमन दास उपस्थित रहे।

# रेलवे स्टेशन में युवक की हत्या के मामले में दो आरोपी गिरफ्तार, कोर्ट ने भेजा जेल

## प्रथम दृष्टया जांच में नहीं पता चला हत्या क्यों की गई

**सतना।** रेलवे प्लेटफार्म क्र.-1 पर फोटो ब्रिज के नीचे बुधवार और गुरुवार की रात नारायण शुक्ला उर्फ सोनू शुक्ला पुत्र बृजवासी शुक्ला 35 वर्ष की हत्या के मामले में जीआरपी ने मृतक के दो साथियों को गिरफ्तार कर लिया है।

आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। फिलहाल हत्या की वजह स्पष्ट नहीं है।

### रिक्शा चालक की मृतक ने 10 वर्ष पूर्व की थी हत्या

बताया जाता है कि मृतक सीधी जिले का रहने वाला था,वह निगरानीशुदा बदमाश रहा है। करीबन 10 वर्ष पूर्व नारायण शुक्ला उर्फ सोनू ने एक रिक्शा चालक दामोदर चौधरी की होटल महामाया के पास पत्थर मारकर हत्या कर दी थी।इस मामले में जीआरपी द्वारा इसे गिरफ्तार करके जेल भिजवा दिया गया था। लगभग चार माह पूर्व मृतक जेल से छूट कर आया है।

### मारपीट के बाद आरोपी घसीट कर ले जाना चाहते थे

घटना की सूचना मिलते ही जीआरपी थाना प्रभारी राजेश राज एवं आरपीएफ प्रभारी बब्बन लाल मौके पर पहुंचे। अधिकारी द्वय ने मौका मुआयना करने के साथ प्लेटफार्म एक पर मौजूद कुछ लोगों से पूछताछ भी की।पूछताछ के दौरान एक महिला ने घटना के संबंध में बताया कि सोनू प्लेटफार्म पर सो रहा था,तभी दोनों आरोपी राजा चौधरी और राहुल वहां पहुंचे,इनके द्वारा आते ही मृतक सोनू शुक्ला के साथ मारपीट की गयी। महिला के मुताबिक दोनों युवक शराब के नशे में धुत्त थे,ये सोनू को घसीट कर कहीं ले जाने की कोशिश कर रहे थे,किन्तु ज्यादा नशा किये होने के कारण आरोपी उसे उठा नहीं पाये।

### तरह-तरह की चल रही चर्चा

उक्त हत्याकाण्ड को लेकर रेल परिसर सहित समूचे शहर में तरह-तरह की चर्चाओं का बाजार गर्म है। चर्चा है कि रिक्शा चालक दामोदर चौधरी की हत्या का बदला भुनाने कतिपय आरोपियों द्वारा सोनू शुक्ला पर पेवर्स बलॉक से दनादन प्रहार करके उसकी हत्या कर दी गयी। तो कुछ लोग यह कहते सुने गये हैं कि आरोपी और सोनू किसी बड़ी वारदात में शामिल रहे हैं। हो सकता है कि लेनदेन की रकम अथवा किसी नाजायज कृत्य को लेकर मृतक एवं आरोपियों के बीच विवाद हुआ और इसके बाद इन लोगों ने उसकी हत्या कर दी। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक सोनू शुक्ला कुछ दिनों से अपने दो-तीन नशेड़ी साथियों के साथ रेलवे स्टेशन के इर्द-गिर्द घूमता रहता था। जीआरपी ने हत्या का प्रकरण पंजीबद्ध कर जांच शुरू कर दी है। जीआरपी प्रभारी राजेश राज ने मामले की गंभीरता को देखते हुये एफएसएल प्रभारी महेन्द्र सिंह को सूचना देकर मौके पर बुलाया। श्री सिंह ने जीआरपी के साथ मौका मुआयना किया।प्लेटफार्म क्र.-1 पर जहां सोनू का खून से लथपथ शव पड़ा हुआ था,उसके चारों ओर खून फैला हुआ था। जांच में प्रथम दृष्ट्या यह बात सामने आई है कि दोनों आरोपियों द्वारा पेवर्स ब्लॉक के टुकड़े से कई प्रहार करके सोनू की हत्या की गयी। बताया गया है कि आरोपियों ने मृतक सोनू के साथ इतनी बेरहमी से मारपीट की कि उसका एक तरफ का जबड़ा तक टूट गया था।




# तालाब में डूबा एक अज्ञात व्यक्ति



### पुलिस कर रही है शव की तलाश




**सतना।** मझगवां तालाब में बीती रात करीबन 10 बजे अज्ञात व्यक्ति डूब गया। तालाब में डूबे व्यक्ति की पुलिस द्वारा गोताखोरों की मदद से तलाश की जा रही है। अभी तक शव का पता नहीं चल सका है। पुलिस के मुताबिक अभी यह नहीं पता चल सका है कि मृतक कौन है,कहां का रहने वाला है,कैसे तालाब में डूबा। उधर इस घटना को लेकर मझगवां कस्बे तरह-तरह की चर्चायें चल रही हैं। कुछ लोगों का कहना है कि कतिपय तत्वों द्वारा मारपीट करने के बाद उक्त व्यक्ति को तालाब में फेंक दिया गया है। सूत्रों की माने तो उसे तालाब में डूबते किसी ने देखा तो नहीं,किन्तु वह जोर-जोर से बचाने की गुहार लगा रहा था। जिसे सुनकर वहां से गुजर रहे कुछ लोग तालाब की तरफ दौड़ते हुये पहुंचे,लेकिन किसी का कुछ पता नहीं चल सका। पुलिस इस रहस्यमयी घटना का पता लगाने का भरसक प्रयास कर रही है। समाचार लिखे जाने तक कथित रूप से तालाब में डूबे व्यक्ति का शव पानी से बाहर नहीं निकाला जा सका था। पुलिस का रेस्क्यू आपरेशन जारी बताया जाता है। मौके पर पहुंची एसडीईआरफ,और मझगवां थाना पुलिस डूबे हुए व्यक्ति की तलाश में जुटी रही।

### डेढ़ माह बाद पन्ना में मिली सतना से लापता नाबालिग

**सतना।** कोलगवां थाना क्षेत्र से एक अप्रैल को गायब हुई नाबालिग को आखिरकार डेढ़ माह बाद सतना पुलिस ने पन्ना से बरामद कर लिया। पुलिस ने इस मामले में नाबालिग लड़की के रिश्ते के मामा-मामी समेत एक युवक को गिरफ्तार किया है। इन पर अपहरण और दुष्कृत्य के आरोप हैं। इस संबंध में मिली जानकारी के मुताबिक सतना शहर से लापता हुई एक 16 वर्षीय नाबालिग लड़की को सतना की कोलगवां थाना पुलिस पन्ना से तलाश लाई है। उसे उसके रिश्ते के मामा-मामी ही घर से निकाल कर पन्ना ले गए थे और शिब्बू उर्फ शिवम पिता पप्पू रजक (20) के हवाले कर आए थे। शिब्बू नाबालिग को अपने घर पर बंधक बनाए रखा। शिब्बू पर नाबालिग के साथ डेढ़ महीने तक दरिंदगी करने के आरोप हैं। इस मामले में पुलिस ने आरोपी शिवम उर्फ शिब्बू के अलावा नाबालिग के मामा और मामी को गिरफ्तार किया है। इस संबंध में नाबालिग की मां ने शिकायत दर्ज कराई थी कि 1 अप्रैल को जब वह काम करके घर वापस लौटी तो उसकी बेटी गायब थी। घर की चाबी पड़ोसी के यहां देकर नाबालिग मां के पास जाने की बात कह कर कहीं चली गई थी। मोबाइल भी वह घर पर ही छोड़ गई थी। पुलिस ने नाबालिग की तलाश शुरू करते हुए साइबर सेल की भी मदद ली। डेढ़ महीने बाद पुलिस को नाबालिग के पन्ना में होने की लोकेशन मिली,जहां से दबिश देकर नाबालिग को मुक्त कराकर शिवम को गिरफ्तार कर लिया गया।

# सतना और मैहर से 13 लोग जाएंगे हज यात्रा पर



**सतना।** एकता फाऊंडेशन और जिला मरकाजी सीरत कमेटी के संयुक्त तत्वावधान में गुरुवार को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र धवारी में हज यात्रियों का टीकाकरण किया गया। इस संबंध में कार्यक्रम की आयोजन समाज सेवी जिया बेग और हाजी डॉक्टर एजाज ने बताया कि इस वर्ष सतना और मैहर जिले से 23 लोग हज यात्रा में जा रहे हैं। जिनका टीकाकरण कर उन्हें हज यात्रा में इस्तेमाल होने वाली जरूरी सामग्रियां वितरित की गई। इस मौके पर ट्रेनर हाजी इश्तियाक द्वारा लोगों को हज से संबंधित सभी जानकारियां मुहैया कराई गई। जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया गया है कि इस वर्ष हज यात्रा में वहीदा, यासीन, खुर्शीद,मोहम्मद, हसीना, मोइनुद्दीन, इस्लाम, मोहम्मद नईम, इम्तियाज,जाहिदा बेगम, साबिया बानो, मुमताज, निजामुद्दीन, करीमुन निशा, रुबीना बी, जमीला,रु खसाना, अब्दुल, रईसा बेग मोह मद इस्लाम, रिजवाना आदि शामिल है।

### ये रहे मौजूद-

इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से डॉक्टर एजाज,मो जिया बेग,इमरान सौदागर,जहीर अहमद,हाजी ईशा,हाजी सिकंदर बेग,फिरोज अहमद,कलीम अहमद बच्चा,आफताब अहमद,वसीक अहमद बादशाह,मो एजाज, मोइन खान गुड्डू,नेयामत हुसैन,शाहिद रजा,एस्तेयाक मंसूरी,शहजाद खान आदि उपस्थित थे।

# नशे के कारोबार पर रोक लगाई जाने की मांग



**सतना।** रामपुर बाघेलान थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्रामीणों द्वारा अवैध शराब से भरी हुई बोलेरो पकड़े जाने के बाद जिला पंचायत की उपाध्यक्ष ने एक बार पुनः पुलिस अधीक्षक को पत्र लिखकर नशे के व्यापार पर रोक लगाई जाने की मांग की है। पत्र में कहा गया है भिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर रामपुर बाघेलान थाना क्षेत्र अंतर्गत एक ग्राम के जागरूक युवाओं द्वारा अवैध शराब की पेटियों से भरी हुई एक बोलेरो गाड़ी क्रमांक एमपी 18 सी 6359 पकड़े जाने की खबर प्रमुखता से चलाई जा रही थीं। सोशल मीडिया की इस खबर पर जिला पंचायत सतना की उपाध्यक्ष श्रीमती सुष्मिता डॉ पंकज सिंह परिहार ने तत्काल संज्ञान लेते हुए सतना पुलिस अधीक्षक को एक पत्र के माध्यम से आग्रह किया कि मेरे द्वारा अभी एक सप्ताह पूर्व ही रामपुर बाघेलान थाना क्षेत्र अंतर्गत नशे के अवैध व्यापार को रोके जाने हेतु आग्रह किया गया था लेकिन इसके बाद भी थाना क्षेत्र अंतर्गत गांव के जागरूक युवाओं द्वारा अवैध शराब की पेटियों से भरी हुई बोलेरो गाड़ी का पकड़ा जाना अत्यंत चिंताजनक है और इस तरह की अवैध गतिविधियों के संचालन से संबंधित थाना क्षेत्र की पुलिस की छवि पर विपरीत प्रभाव पड़ता है और युवाओं के साथ-साथ समाज में भी विपरीत संदेश जाने का भय रहता है। पुलिस अधीक्षक सतना को लिखे गए पत्र में जिला पंचायत उपाध्यक्ष ने इस तरह की अवैध गतिविधियों पर तत्काल अंकुश लगाए जाने का आग्रह किया है। अपने पत्र की प्रतियां जिला पंचायत की उपाध्यक्ष ने प्रधानमंत्री कार्यालय, मुख्यमंत्री मध्य प्रदेश शासन,गृहमंत्री मध्य प्रदेश शासन के साथ आईजी, डीआईजी ,रीवा जोन कों भी प्रेषित किया है।

# रीवा संभाग में सब्जी और फल उत्पादन में अच्छा कार्य हुआ है: एपीसी कृषि

### पुष्प और मसाले के क्षेत्र विस्तार तथा दूध संकलन बढ़ाने के प्रयास करें




**सतना।** कृषि उत्पादन आयुक्त एसएन मिश्रा ने गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभागार रीवा में आयोजित संभागीय समीक्षा बैठक में उद्यानिकी, पशुपालन, दुग्ध संघ, मछली पालन एवं एमपी एग्रो की समीक्षा की। कृषि उत्पादन आयुक्त ने कहा कि रीवा संभाग में फल और सब्जी उत्पादन में बहुत अच्छा कार्य हुआ है। संभाग प्रदेश में सब्जी उत्पादन में दूसरे तथा फल उत्पादन में तीसरे स्थान पर है। अनाज के बाद फल-सब्जी उत्पादन किसानों को सर्वाधिक आय और रोजगार के अवसर दे रहा है। फल और सब्जी के साथ-साथ पुष्प और मसाले के क्षेत्र विस्तार पर विशेष ध्यान दें। इनसे कम लागत में अच्छा लाभ प्राप्त होता है। सीधी जिले में मछली पालन के लिए केज का सफलतापूर्वक उपयोग किया जा रहा है। संभाग के अन्य जिलों में भी केज के माध्यम से मछली पालन कराएं। कलेक्टर खेती और इससे जुड़े अन्य व्यवसायों के विकास के लिए दीर्घकालीन योजनाएं बनाएं। उद्यानिकी से जुड़ी योजनाओं के क्रियान्वयन की नियमित समीक्षा करें। उद्यानिकी फसलों के क्षेत्र विस्तार के लिए बड़े अभियान की आवश्यकता है। कलेक्टर किसी एक या दो फसल का चयन करके उनसे अधिक से अधिक किसानों को जोड़ने का प्रयास करें। फल-सब्जी और मसालों की मार्केटिंग के लिए भी किसानों को उचित सुविधा उपलब्ध कराएं। कृषि उत्पादन आयुक्त ने कहा कि संभाग में मछली पालन की अपार संभावना है।सभी बारहमासी जलाशयों में मछली पालन अनिवार्य रूप से कराएं। बड़े सिंचाई बांधों में भी अच्छी मात्रा में मछली का उत्पादन हो सकता है। संभाग में दुधारू पशुओं की संख्या पर्याप्त है। इनके नस्ल सुधार के लिए अभियान चलाएं। दूध उत्पादन तथा संकलन बढ़ाने के लिए विशेष प्रयास करें। नए मिल्क रूट का निर्माण कर दुग्ध सहकारी समितियाँ गठित कराएं। सहकारी समितियों का लंबित भुगतान तत्काल कराएं।

संभाग में ऐरा प्रथा बड़ी समस्या है। इसे दूर करने के लिए गौशालाओं का सक्रिय संचालन कराएं। बसामन मामा गौ अभ्यारण्य जैसे बड़े क्षेत्र में निराश्रित गौवंश को रखने की व्यवस्था करें। इनमें गोबर गैस संयंत्र से बिजली उत्पादन जैसी इकाईयाँ भी संचालित कराएं। मऊगंज जिले में निराश्रित गौवंश को सुरक्षित करने के लिए सराहनीय प्रयास किए जा रहे हैं। कृषि उत्पादन आयुक्त ने कहा कि दुग्ध संघ के सांची ब्रांड के उत्पादों की बिक्री के लिए सभी जिलों में प्रमुख सार्वजनिक स्थलों पर साँची पार्लर स्थापित कराएं।कलेक्टर कृषि, उद्यानिकी, पशुपालन, मछलीपालन तथा दुग्ध संघ की विभागीय गतिविधियों की नियमित समीक्षा करें। रीवा और सतना जिलों में फल और सब्जी का बहुत अच्छा उत्पादन हो रहा है। सीधी और सिंगरौली जिले में भी फल-सब्जी उत्पादन बढ़ाने के प्रयास करें। मछली पालकों तथा पशुपालकों को किसान क्रेडिट कार्ड जारी कराएं। कलेक्टर जिला बैंकर्स सलाहकार समिति में इसकी नियमित समीक्षा करें। बैठक में एमपी एग्रो की योजनाओं की भी समीक्षा की गई। बैठक में कलेक्टर रीवा श्रीमती प्रतिभा पाल ने गौशालाओं के सफल संचालन के लिए एक चौकीदार की व्यवस्था करने तथा जिले से प्रस्तावित तीन गौ अभ्यारण्य की स्वीकृति का अनुरोध किया। बैठक में प्रमुख सचिव सहकारिता श्रीमती दीपाली रस्तोगी,कमिश्नर रीवा संभाग गोपाल चन्द्र डाड,संचालक उद्यानिकी एसबी सिंह,संचालक दुग्ध संघ एस सतीश कुमार संभाग के सभी जिलों के कलेक्टर,जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी तथा विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# सही कार्ययोजना बनाकर खेती का विकास करें: कृषि उत्पादन आयुक्त

### खेती के विकास की कलेक्टर नियमित मॉनीटरिंग करें




**सतना।** कृषि उत्पादन आयुक्त एसएन मिश्रा ने कृषि विकास की संभागीय समीक्षा बैठक में कहा कि रीवा संभाग में पिछले 10 वर्षों में सिंचाई के क्षेत्र में तेजी से वृद्धि हुई है। संभाग की अर्थव्यवस्था का मुख्य आधार खेती है। इससे बड़ी संख्या में रोजगार का सृजन होता है। कलेक्टर खेती के विकास के लिए लागू योजनाओं की नियमित मॉनीटरिंग करें। सही कार्ययोजना बनाकर खेती का विकास करें। खेती के विकास से ही इस पूरे क्षेत्र का तेजी से विकास होगा। कृषि विकास के कम से कम एक घटक को लक्ष्य बनाकर उसमें प्रदेश स्तरीय सफलता प्राप्त करने का प्रयास करें। कलेक्ट्रेट रीवा के मोहन सभागार में आयोजित बैठक में प्रमुख सचिव सहकारिता श्रीमती दीपाली रस्तोगी, प्रमुख सचिव कृषि एम सेलवेन्द्रन, कमिश्नर रीवा गोपाल चन्द्र डाड, कलेक्टर रीवा श्रीमती प्रतिभा पाल, कलेक्टर सीधी स्वरोचिष सोमवंशी, कलेक्टर सिंगरौली चन्द्रशेखर शुक्ला, कलेक्टर मऊगंज अजय श्रीवास्तव,कलेक्टर मैहर रानी बाटड,प्रभारी कलेक्टर सतना स्वप्निल वानखेड़े,जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी तथा कृषि विभाग के अधिकारी एवं कृषि वैज्ञानिक उपस्थित रहे। कृषि उत्पादन आयुक्त ने कहा कि जिले की प्रमुख कृषि उपज मण्डी को आधुनिक बनाकर ई मण्डी की सुविधा किसानों को दें। संभाग में जिला और विकासखण्ड स्तर पर मिट्टी परीक्षण की सभी प्रयोगशालाओं को सक्रिय करें। मिट्टी में मुख्य रूप से जिंक, सल्फर जैसे पोषक तत्वों की कमी है। इनका उपयोग बढ़ाने के लिए जागरूकता अभियान चलाएं।किसान माइक्रो न्यूट्रियंस पर थोड़ी सी राशि खर्च करके अधिक गुणवत्तापूर्ण तथा अधिक उत्पादन प्राप्त कर सकेगा।कृषि वैज्ञानिक संभाग की मिट्टी,पानी और तापमान के अनुकूल फसलों तथा फसल तकनीकों की जानकारी किसानों तक पहुंचाएं। खेती का ज्ञान किसानों तक पहुंचकर ही सार्थक बनेगा। संभाग में कोदौ, कुटकी, अरहर,जौ, मक्का,सरसों,रामतिल आदि की फसलों को बढ़ावा दें। किसानों को जिन फसलों से अधिक लाभ होगा उसे किसान जरूर अपनाएंगे।




### ज्ञान विहार विद्यापीठ सीबीएसई 10वीं एवं 12वीं बोर्ड का उत्कृष्ट रहा परिणाम

**मैहर।** ज्ञान विहार विद्यापीठ सीनियर सेकेन्डरी स्कूल मैहर का सीबीएसई 12वीं बोर्ड एवं 10वीं बोर्ड का परीक्षा परिणाम लगातार दसवें वर्ष भीउत्कृष्ट रहा। 12वीं बोर्ड में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वालों में बायों ग्रुप से निशिता कुशवाहा 83 प्रतिशत आनन्दिका श्रीवास्तव 83 प्रतिशत आदित्य प्रजापति 79 प्रतिशत पवन दोहरे 79 तम्मनीत मैथ ग्रुप में नैतिक गुप्ता 79 प्रतिशत अंक लाकर स्कूल का नाम रोशन किया वहीं 12वींबोर्ड में ए (प्लस) 60 प्रतिशत, ए 20 प्रतिशत तथा 20 प्रतिशत बी ग्रेड का रिजल्ट रहा। इसी प्रकार कक्षा 10वीं का रिजल्ट आदिती मिश्रा, माही गुप्ता 91.40 प्रतिशत,त्रिशा शुक्ला 89.00,अपूर्वा नंदी 85.40 प्रतिशत,शिव अग्रवाल 82.60 प्रतिशत,आशू पटेल 80.80 प्रतिशत अंक लाकर अपना श्रेष्ठ प्रदर्शन किया 10वीं बोर्ड में 60 प्रतिशत ए प्लस,20 प्रतिशत ए एवं 20 प्रतिशत बी ग्रेड का रिजल्ट लाकर बच्चों ने स्कूल का नाम रोशन किया। ज्ञान विहार विद्यापीठ स्कूल ने 2012 से सीबीएसईकी शिक्षा प्रारंभ की तथा हर वर्ष बोर्ड के रिजल्ट में उत्कृष्ठ प्रदर्शन किया। वर्तमान में 12वीं का नवाँ तथा 10वीं का बारहवाँ बैच रहा। स्कूल के बच्चों ने अपना उत्कृष्ठ रिजल्ट देकर विद्यालय को गौरवान्वित किया। बच्चों के उत्कृष्ठ रिजल्ट की स्कूल मैनेजमेंट,सभी टीचरों एवं गणमान्य नागरिकों ने बच्चों को बधाई दी एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।



## खबर संक्षेप



### जिले में मनाया गया राष्ट्रीय डेंगू दिवस

**पन्ना।** प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी आज राष्ट्रीय डेंगू दिवस का आयोजन किया गया। इसके अंतर्गत डेंगू के प्रति लोगों को जागरुक करने के लिए विभिन्न गतिविधियां आयोजित की गईं। डेंगू रथ को मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. व्ही.एस. उपाध्याय के द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। डेंगू रथ के द्वारा शहरी क्षेत्र पन्ना में माईकिंग एवं पम्पलेट्स वितरण का कार्य किया गया। इसके अलावा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय एवं जिला मलेरिया कार्यालय सहित जिले के विभिन्न स्वास्थ्य संस्थाओं में डेंगू से बचाव हेतु शपथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिला एवं विकासखण्ड स्तर पर डेंगू कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें डेंगू से बचाव एवं नियंत्रण के संबंध में चर्चा की गयी। स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं को डेंगू नियंत्रण के संबंध में प्रशिक्षण भी प्रदान किया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा बताया गया कि डेंगू के सामान्य लक्षण तेज बुखार के साथ सिर दर्द, मांसपेसियों एवं जोड़ों में दर्द, आंखों के पीछे दर्द, मुख सूखना एवं शरीर में लाल दाने व चिकत्ते होना हैं। उक्त लक्षण दिखने पर तुरन्त चिकित्सक से सलाह लें। अपनी मर्जी से किसी भी प्रकार की दवा का सेवन न करें। डेंगू के जांच व उपचार की सुविधा जिला चिकित्सालय में निःशुल्क उपलब्ध है। जिला मलेरिया अधिकारी अरुणेन्द्र प्रताप सिंह ने भी डेंगू से बचाव के उपाय व जागरूकता के बारे में जानकारी दी।

### नलकूप खनन एजेंसी को पोर्टल पर पंजीयन अनिवार्य

**पन्ना।** शासन द्वारा अनुपयोगी एवं खुले नलकूप, बोरवेल एवं ट्यूबवेल से होने वाली दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए नवीन गाइडलाइन जारी की गई है, जिसके तहत अब किसी दुर्घटना पर बोरवेल मालिक जिम्मेदार होंगे। छोटे बच्चों के बोरवेल में गिरने से होने वाली दुर्घटनाओं की रोकथाम के उद्देश्य से नलकूप खनन एजेंसी एवं बोर मालिकों को उत्तरदायी बनाते हुए गाइडलाइन जारी की गई है। कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड पन्ना महेन्द्र सिंह ने बताया कि पूर्व से खुले पडे. नलकूप, बोरवेल, ट्यूबवेल को मिट्टी, रेत, मुरम इत्यादि से जमीन की सतह तक भरने की जवाबदारी संबंधित बोरवेल मालिक की होगी, जिसकी भूमि पर नलकूप है। इसी तरह नवीन खनित खुले पड़े नलकूप एवं बोरवेल को भरने की जवाबदारी संबंधित नलकूप खनन एजेंसी की तय की गई है। बताया गया है कि जिन नलकूपों में जल क्षमता प्राप्त न होने, कम प्राप्त होने या जिन नलकूपों में केसिंग नहीं डाली जाती है, उनको भी जमीन सतह तक भरने की कार्यवाही संबंधित नलकूप खनन एजेंसी को करनी होगी। किसी संस्था या विभाग द्वारा नलकूप खनन के बाद असुरक्षित स्थिति में छोड़ने की स्थिति में प्रथम उल्लंघन पर 10 हजार रूपए का अर्थदण्ड अधिरोपित किया जाएगा। साथ ही खुले नलकूपों के भरने में लगने वाली सामग्री के वास्तविक व्यय की पूर्ति संबंधित खनन एजेंसी से की जाएगी और पुनः उल्लंघन पर सामग्री व्यय की पूर्ति के साथ ही 25 हजार रूपए का अर्थदण्ड लगाया जाएगा। सभी शासकीय व निजी मशीनों का पंजीयन म.प्र. राज्य इलेक्ट्रॉनिक विकास निगम द्वारा विकसित पोर्टल पर कराना भी अनिवार्य किया गया है। नलकूप खनन करने वाली एजेंसी को नलकूप खनन के बाद विकसित पोर्टल पर लोकेशन व एजेंसी का नाम भी दर्ज करना होगा। नलकूप में केसिंग डाले जाने पर नलकूप में कैप लगाकर नट बोल्ट से केसिंग में फिक्स कर 0.5 गुणा 0.5 गुणा 0.6 मीटर के साइज का सीमेंट-कांक्रीट ब्लॉक बनाना भी जरूरी है।

# चार एलएनटी, दो डंपर, एक ट्रक धरे गये

**हर बार कार्रवाई से पहले रेत माफिया को भनक लगने से एलएनटी और डंपर पन्ना जिले की सीमा से हटा कर छतरपुर जिले की सीमा में पहुंचा दिये जाते थे जिससे इस बार आधी रात को ही एसडीएम के नेतृत्व में राजस्व विभाग की टीम के द्वारा घेराबंदी की गई, जिसकी रेत माफिया को भनक भी नहीं लगी....**

**जिले की केन नदी में अवैध रेत उत्खनन कैसे रूकेगा चिंता का विषय**

जिले में केन नदी जो अजयगढ़ व चंदला तहसील के मध्य रेत के कारोबार को लेकरी दुर्दशा के हालात को खुद बयां कर रही है, रेत का अवैध उत्खनन सफेद पोशधारियों के संरक्षण में फलता फूलता व्यवसाय बना हुआ है, विगत दिवस रात्रि 11 बजे से लेकर दोपहर 11 बजे तक लगभग 12 घंटे की कार्यवाही अपने आप में हडकंप का विषय थी एसडीएम अजयगढ कुशल सिंह गौतम व थाना प्रभारी अजयगढ़ बखत सिंह ठाकुर जहां स्वयं इस कार्यवाही में मौजूद थे। फिर मामला जो ट्रक व डंपर व दो एलएनटी छतरपुर सीमा का लाभ लेकर भग खड़े हुये अपने आप में जांच का विषय है। रेत पन्ना जिले की केन नदी की सीमा से अवैध उत्खनन व लोडिंग करके ले जाई जा रही थी फिर कैसा सीमा का मामला यह जांच का विषय है।

**पन्ना।** जिले के अजयगढ़ तहसील अंतर्गत केन नदी में लंबे समय से चल रहे बिना टेंडर के अवैध रेत उत्खनन और परिवहन के खिलाफ लगातार मिल रही सूचनाओं एवं शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए पन्ना कलेक्टर सुरेश कुमार के निर्देश एवं मार्गदर्शन में अजयगढ़ एसडीएम कुशल सिंह गौतम के द्वारा रेत माफिया पर शिकंजा कसने के लिए योजना तैयार की गई, हर बार कार्रवाई से पहले रेत माफिया को भनक लगने से एलएनटी और डंफर पन्ना जिले की सीमा से हटा कर छतरपुर जिले की सीमा में पहुंचा दिये जाते थे जिससे इस बार आधी रात को ही एसडीएम कुशल सिंह गौतम के नेतृत्व में राजस्व विभाग की टीम के द्वारा घेराबंदी की गई, जिसकी रेत माफिया को भनक भी नहीं लगी और भोर सवेरे लगभग 4 बजे अचानक कार्रवाई शुरू कर दी गई जिससे एलएनटी मशीनों और डंफरों को भागने का मौका नहीं मिला, इस कार्रवाई में कुल 3 एलएनटी 3 जेसीबी व 17 ट्रक और डंपर पकड़े गए। बड़ी बात यह रही कि एसडीएम कुशल सिंह गौतम के द्वारा नायब तहसीलदार खेमचंद यादव, आरआई और पटवारी सहित केवल चंद स्टाफ के साथ मिलकर की गई है। कार्रवाई शुरू होने के बाद पुलिस को सूचित किया गया जहां पहले बीरा चौकी से आधा दर्जन पुलिसकर्मी पहुंचे इसके बाद अजयगढ़ थाना प्रभारी बखत सिंह ठाकुर, हिनौता छतरपुर चौकी प्रभारी सहित काफी पुलिस कर्मी पहुंच गए।

### नाटकीय ढंग से एलएनटी जेसीबी व डंफर लेकर भागे माफिया के गुर्गे

कार्रवाई के बाद एलएनटी जेसीबी और डंपर पुलिस थाना एवं चौकी पहुंचाने की कार्रवाई शुरू की गई तभी अचानक एसडीएम कुशल सिंह गौतम को पन्ना से बुलावा आ गया। मौके पर नायब तहसीलदार खेमचंद यादव सहित आरआई और कुछ पटवारी एवं अजयगढ़ थाना प्रभारी एवं हिनौता छतरपुर चौकी प्रभारी की मौजूदगी में जप्तसुदा डंपरों को स्टार्ट कर भागना शुरू हो गया जिसे पुलिस और राजस्व विभाग मूकदर्शन बना देखता रहा, कुल मिलाकर 22 डंफर 1 एलएनटी और 2 जेसीबी रेत माफिया के गुर्गों के द्वारा जबरन ले जाने की बात सामने आई है। इस मामले में पुलिस की भूमिका सवालों के घेरे में बताई जा रही है।

**क्या बोले एसडीएम कुशल सिंह गौतम**

एसडीएम कुशल सिंह गौतम के द्वारा प्रतिवेदन तैयार कर वरिष्ठ अधिकारियों को भेजे जाने की बात कही गई है लेकिन वहीं दूसरी ओर कहा जा रहा है कि राजनीतिक दबाव के चलते वरिष्ठ अधिकारियों के हस्तक्षेप के बाद ही रेत माफिया के गुर्गे मशीन और वाहन छुड़ाकर ले जा सके। अंततः मामला चाहे जो हो पर जिस तरह से कार्यवाही एसडीएम अजयगढ़ व थाना प्रभारी ने घटना स्थलन पर की थी सबसे बड़ा सवाल केन नदी में पन्ना जिले की सीमा से रेत का अवैध उत्खनन किया जा रहा है क्या जो वाहन धरे गये थे अगर छतरपुर जिले की सीमा की बात नियम को लेकर की जाती है तो फिर हमारे जिले की सीमा में अवैध उत्खनन की छूट छतरपुर के प्रशासन के द्वारा कैसे। वहीं जो अवैध उत्खनन किया गया है क्या उसकी मैपिंग कराकर जांच कराते हुये रॉयल्टी तय की जायेगी क्योंकि एसडीएम कुशल सिंह गौतम के पास सभी ट्रक व डम्फरों के नम्बर मौजूद है। देखना यह है कि इसमें कार्यवाही को लेकर जिला प्रशासन पन्ना कितनी तत्परता से कार्यवाही को अंजाम देगा यह तो वक्त ही तय करेगा।









# जगत जननी श्री सीता माता का मनाया गया प्रकटोत्सव



**पन्ना।** श्री हनुमान जी मन्दिर किलकिला नदी के किनारे पुराना पन्ना जिला पन्ना मध्यप्रदेश में आज दिनांक 16/05/2024 को सुबह 10 बजे श्री सीता राम जी की पूजा अर्चना, प्रसाद वितरण कर श्री सीता जयन्ती मनाई गई। पंडित धीरेन्द्र महाराज जी ने मंत्रोच्चारण द्वारा पूजा विधि सम्पन्न कराई। श्री सीता माता मन्दिर निर्माण कार्य को लेकर भक्त जनों के परिवारों अपार उत्साह है। भक्त जनों के परिवारों के बच्चों ने मातारानी के मंदिर निर्माण कार्य हेतु अपनी अपनी गुल्लकों में रुपए जोड़ना शुरू कर दिया और आज मातारानी के जन्मोत्सव कार्यक्रम में श्री सीता माता मन्दिर निर्माण कार्य हेतु अपनी गुल्लकों को धर्मार्थ दान दिया। इनमें अंजली विश्वकर्मा,समक्ष विश्वकर्मा, सक्षम विश्वकर्मा, मयंक कुशवाहा,पूर्वी कुशवाहा,मानस कुशवाहा,देवांश कुशवाहा,रियांशी कुशवाहा, स्मृति कुशवाहा, रूप किशोर नामदेव, पूर्वी नामदेव, राशि कुशवाहा ने गुल्लक दान किए। इस पावन पर्व पर दिलीप कुमार यादव, चिन्दू कुशवाहा, राजेन्द्र कुमार विश्वकर्मा, प्रेम लाल कुशवाहा, रूपचंद कुशवाहा, शिव लाल कुशवाहा ने धर्मार्थ दान प्रदान किया। श्री सीता माता जयन्ती के शुभ अवसर पर दान प्रदान करने वाले समस्त बच्चों एवं भक्तों पर मातारानी की कृपा सदा बनी रहे। श्री सीता जयन्ती में सैंकड़ों भक्त जनों ने शामिल होकर धर्म लाभ उठाया।

# श्री ठाकुर बाबा क्रिकेट टूर्नामेंट ग्रीष्मकालीन सीजन 2024 का पंचायत स्तरीय हो रहा आयोजित

**पन्ना।** जिले के अजयगढ़ ब्लॉक के ग्राम पंचायत खोरा के ग्राम सरबंशी में विगत कई वर्षों की चली आ रही परंपरा अनवरत रूप से निभाते हुए ग्रीष्म कालीन सीजन 2024 का पंचायत स्तरीय श्री ठाकुर बाबा क्रिकेट टूर्नामेंट में आज दिनाँक 15 मई को पूरे दिन में 3 लीग मैच खेले गए जिसमे दसवाँ लीग मैच धरमपुर और अजयगढ़ एरिया की पंचायत लवलास के बीच खेला गया। इस रोमांचक मैच में धरमपुर टीम लवलास टीम से मात्र एक रन से जीत हासिल कर पाई और 11 वां लीग मैच खोरा- टीम और रेहुँची (बाँदा) के बीच खेला गया इस मैच में रेहुँची टीम ने एक तरफा जीत हासिल की। और लास्ट में शाम 4 बजे से बारवां लीग मैच खोरा- टीम और नंदनपुर पंचायत के बीच खेला गया। जिसमें खोरा टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला लिया, जिसमें खोरा ने निर्धारित 12 ओवर में 3 विकेट के नुकसान पर 112 रन बनाए, खोरा की तरफ से राजाबाबू (बब्बू) ने 37 रन और अविनाश ने 35 रनो की नाबाद पारी खेली दूसरी पारी में लक्ष्य का पीछा करने उतरी नंदनपुर टीम मात्र 10 ओवर में 63 रनो पर ऑल आउट हो गई ।इस प्रकार खोरा- टीम ने यह मैच 49 रनों से जीत कर इस टूर्नामेंट के सुपर लीग मैच में प्रवेश किया। आज के इस मैच में मुख्य अतिथि के रूप खोरा सरपंच आदरणीय शुभकांत सिंह, भानु प्रताप सिंह (शिक्षक) और देशपाल सिंह (भारतीय सेना), शुभम सिंह युवा नेता ठश्रच खोरा शिवकुमार बाबू भईया की उपस्थिति सराहनीय रही। और अतिथियों ने मैच में अच्छा प्रदर्शन करने वाले सभी खिलाड़ियों को नगद इनामी राशि देकर प्रोत्शाहित किया। और साथ ही आयोजक मंडल महारानी अवंती बाई लोधी यूथ संगठन सरवंशी (खोरा) की इस तरह के आयोजन के लिए खूब सराहना की।





**जीवन का सुरक्षा कवच परिवार, श्रेष्ठ संस्कारों का आधार परिवार**

# समाज की परिकल्पना परिवार के बिना अधूरी: बहनजी

**पन्ना।** अंतर्राष्ट्रीय परिवार दिवस पर ब्रह्माकुमारी बहन जी ने सभी को परिवार का महत्व बताते हुए कहा कि परिवार समाज की इकाई है हम सब से मिलकर परिवार बना है परिवार से मिलकर समाज देश और विश्व,का अहमियत बताने के मक्सद से परिवार दिवस मनाया जाता है समाज की परिकल्पना परिवार के बिना अधूरी है ऐसे में परिवार ही है जो लोगों को एक दूसरे से जोड़े रखने में अहम भूमिका निभाता है परिवार हमारे रिश्तों को न सिर्फ मजबूती देता है बल्कि हर गम और खुशी के मौके पर हमारे साथ खड़ा भी होता है परिवार एक ऐसा आधार स्तंभ है जो मानव को मानव बनता है जो इंसानियत सिखाता है लेकिन आज लोग परिवार में छोटी-छोटी बातों को लेकर परिवार से टूट जाते हैं या अलग हो जाते हैं खास आज की युवा पीढ़ी परंतु जब उनके साथ कोई घटना या विपरीत परिस्थितियों आती हैं तो उनका परिवार ही उनके साथ खड़ा होता है आज परिवार से दूर या पारिवारिक प्रेम के अभाव में युवा पीढ़ी स्वयं को सोशल मीडिया में डुबो देता है एवं व्यसनो के अधीन हो जाता है वर्तमान शिक्षा प्रणाली बच्चों को बौद्धिक विकास डिग्री,पद पोजीशन तो दे सकती है लेकिन व्यक्ति जीवन मूल्य पारिवारिक मूल्यों एवं श्रेष्ठ संस्कारों का परिवार से ही अर्जित करता है जिसके कारण ही वह दिव्य गुणो आत्मबल और मनोबल से भरपूर हो जाता है परिवार में रहकर उसकी मर्यादाओं में चलकर व्यक्ति अपने जीवन को सुखी सुरक्षित एवं शक्तिशाली महसूस करता है आध्यात्मिकता से जीवन में श्रेष्ठ गुणो का संचय होता है एवं आत्म बल बढ़ता है जिससे व्यक्ति आपसी टकराव और तनाव से बच जाता है व्यक्ति के अंदर दिव्य गुण और शक्तियों का विकास होता है मनोबल बढ़ता है अतः आज अपने आप से प्रतिज्ञा करें कि परिवार में आपसी संबंध मधुर बनाने के लिए कोई भी बात को सहन करना पड़े तो करें प्रतिज्ञा करें कि परिवार टूटे नहीं जुड़े रहे।इसके लिए रोज हम अपने आप को मेडिटेशन के लिए कुछ समय निकालकर शक्तिशाली बनाएं।



# सरपंच पति की प्रताड़ना से परेशान अनुसूचित जाति के परिवार ने कलेक्ट्रेट में डाला डेरा

### चुनावी रंजिश के चलते आए दिन परेशान करने के लगाए आरोप, कार्रवाई की मांग

**पन्ना।** जिले के अजयगढ़ जनपद अंतर्गत ग्राम पंचायत कीरतपुर निवासी बलबीर चमार पिता लब्भू चमार ने आज अपनी पत्नी, बच्चों, भाई और मां सहित पूरे परिवार सहित पहुंच कर पुलिस अधीक्षक पन्ना और कलेक्टर पन्ना को शिकायती आवेदन सौंप कर बताया है कि ग्राम पंचायत कीरतपुर की सरपंच बबीता गौतम के पति रामबाबू गौतम जिसका भाई भाजपा का नेता है रामबाबू गौतम चुनावी रंजिश के चलते काफ़ी समय से बेवजह परेशान कर रहा है। कुछ समय पूर्व हमारी पुश्तैनी जमीन से जबरन रोड बनवाई थी और बीते दिन सीसी रोड बनवाने के दौरान हमारे घर का चबूतरा तुड़वा रहे थे मना करने पर उसके कुछ आदमियों ने मेरे साथ गली शुरू कर दी, जिसका वीडियो बनाने पर मेरा मोबाइल छीन लिया और घर में घुसकर मेरे साथ मेरे भाई के साथ और मेरी मां के साथ मारपीट की जिसकी शिकायत धरमपुर थाना में करने पर वहां भी रामबाबू गौतम पहुंच गया जिसके पहुंचते ही थाना प्रभारी के द्वारा हमारे साथ गाली-गलौच करते हुए जेल भेजने की धमकी देकर राजीनामा करने की बात कही गई और कोरे कागज में जबरदस्ती हस्ताक्षर करवा लिए। इस प्रकार सरपंच पति रामबाबू गौतम के द्वारा चुनावी रंजिश के चलते गांव के ही कुछ लोगों और पुलिस से मिलकर बेवजह परेशान किया जा रहा है, जिससे पूरा परिवार भयभीत है और आज पुलिस अधीक्षक एवं कलेक्टर को शिकायत की आवेदन सौंप कर कार्रवाई की मांग की है। कार्रवाई नहीं होने तक घर नहीं जाने की बात कही है।



# रंग महल के संचालक सुनील जैन उर्फ गूदे का हृदय गति रूक जाने से निधन



**पन्ना।** जिला मुख्यालय में रंग महल के संचालक कपड़े की दुकान सुनील जैन उर्फ गूदे का आज प्रातः सुबह 4 बजे हृदय गति रूक जाने से दुखःद निधन की घटना घटित हुई जिसके चलते व्यापारी वर्ग ने जहां गहरा शोक के हालात तय हो गये वहीं इन दिनों कम उम्र के लोगों को लेकर हृदय गति रूकने की घटनायें जो घटित हो रही है वह अपने आप में चिंता को लेकर चर्चायें व्याप्त है। साथ ही सुनील जैन उर्फ गूदे के निधन को लेकर जहां ईश्वर उनकी मृत आत्मा को शांति के साथ अपने चरणों में स्थान दें यही प्रार्थना की गई।

## खबर संक्षेप



### किन्नर बुआ ने समिति के भवन निर्माण को दिया 10 हजार का दान

**नौगांव।** गुरुवार को शोभा देवी सामाजिक समिति नौगांव बेसहारा बेटियों का एक बड़ा सहारा पिछले कई वर्षों से बनी हुई है, शोभा देवी सामाजिक समिति द्वारा पिछले कई वर्षों से अनाथ बेसहारा बेटियों की परवरिश की जा रही है, नगर एवं क्षेत्र के समाजसेवियों की मदद से समिति 100 बेटियों की परवरिश सहित पढ़ाई लिखाई एवं विवाह तक की जिम्मेदारी का निर्वहन कर रही है। जिसको लेकर चुन्नी बुआ किन्नर ने 10 हजार रुपए दान देकर, अपना घर अनाथ आश्रम निर्माण के लिए द्वार खोले। जिसके लिए समिति द्वारा चुन्नी बुआ ( किन्नर ) का समिति का प्रमाण पत्र देकर सम्मान किया गया। इस अवसर पर शोभा देवी सामाजिक समिति के पदाधिकारी समाजसेवी संदीप सत्या, शिक्षक शंभू दयाल गुप्ता, पूर्व एसडीएम के एल अहिरवार, शिक्षक कैलाश वर्मा, विजय वर्मा, नारायण दास श्रीवास सहित समिति के सदस्यगण मौजूद रहे।

### हादसों को न्यौता दे रहे जवाहर मार्ग के गड्ढे



**छतरपुर।** शहर की सबसे व्यस्त सड़क जहवार मार्ग पर बड़े-बड़े गड्ढे हो जाने के कारण यहां बड़ा हादसा होने की संभावना बनी हुई है। बताया गया है कि जवाहर मार्ग पर अंजनी ट्रांसपोर्ट के समीप बीच सड़क पर बड़े-बड़े गड्ढे हो गए हैं। इस मार्ग पर दिन-रात बड़ी संख्या में वाहनों का आवागमन होता है, जिस कारण से आए दिन कई वाहन गड्ढे में गिरकर अनियंत्रित हो रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि जल्द ही सुधार नहीं होगा तो किसी दिन बड़ा हादसा हो सकता है। गौरतलब है कि रात के वक्त यह गड्ढे नजर नहीं आते और सूनी सड़कों पर वाहन चालक तेज रफ्तार में वाहन निकालते हैं। ऐसे में किसी दिन यहां बड़ी दुर्घटना सामने आ सकती है।

### डीपी के करंट की चपेट में आई भैंस की हुई मौत



**खजुराहो।** नगर के वार्ड क्र.13 स्थित पटेल पुरवा स्थित जियो कंपनी के टॉवर के लिए बिजली की सप्लाई के लगाई गई डीपी में दौड़ रहे करंट की चपेट में आई एक भैंस की मौके पर ही मौत हो गई। उक्त भैंस के मालिक कुंजबिहारी पटेल के अनुसार दोपहर लगभग 4 बजे उसकी भैंसे रास्ते के किनारे लगी डीपी के पास से गुजर रही थी तभी आगे चल रही भैंस बिजली की डीपी के खंभे से सटकर निकली तो करंट लगने से 2 मिनिट में ही उसके सामने मर गई। उसने दौड़कर बाकी की भैंसों को वहां से हटाया और विद्युत विभाग खजुराहो को जानकारी दी। मौके पर बिजली कर्मी पहुंचे तो देखा कि डीपी सप्लाई की केबिल कटी हुई थी जिस कारण पूरी डीपी में करंट फैल गया था, जिसे विद्युत कर्मचारियों ने ठीक कर दिया।

### कलेक्टर के निर्देशन में पटवारियों को दिया जा रहा तकनीकी प्रशिक्षण



**छतरपुर।** कलेक्टर संदीप जी.आर. के निर्देशन में जिला पंचायत छतरपुर स्थित ई-दक्ष केंद्र में नवनियुक्त पटवारियों को राजस्व संबंधित विभिन्न कार्यों का तकनीकी प्रशिक्षण दिया जा रहा है। जिसमें वेब जीआईएस, आरसीएमएस, रोवर तकनीकी, सारा, ईटीएस सहित सामान्य कम्प्यूटर के बारे में प्रशिक्षित किया जा रहा है। अधीक्षक भू-अभिलेख आदित्य सोनकिया ने बताया की उक्त प्रशिक्षण के माध्यम से नवनियुक्त पटवारियों को सभी आवश्यक सॉफ्टवेयर पर कार्य करने हेतु सक्षम बनाया जा रहा है ।

नौगांव थाना क्षेत्र की घटना

# सेक्स रैकेट गिरोह ने अश्लील वीडियो बना युवक को बनाया बंधक

**ब्लैकमेल कर 2 लाख रुपए की मांग, पुलिस ने दो महिलाओं को गिरफ्तार कर भेजा जेल**

नौगांव थाना पुलिस ने अश्लील बनाकर ब्लैकमेल करने वाले गिरोह की दो महिलाओं को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है, पुलिस ने गिरफ्तार की गई दोनों महिलाओं को न्यायालय में पेश किया जहां से महिला जेल छतरपुर में दाखिल किया है।

**नौगांव।**

इस मामले में पुलिस ने पीड़ित युवक की शिकायत पर दो नाम महिलाओं, एक नामजद पुरुष सहित पांच लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

जानकारी के अनुसार ग्राम मलका थाना गढीमलहरा निवासी 36 वर्षीय युवक अमित पाठक ने नौगांव पुलिस थाना पहुंचकर कुछ लोगों के द्वारा उसका अश्लील वीडियो बनाकर,मारपीट करने और दो लाख रूपए मांगने का आरोप लगाते हुए पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। पीड़ित अमित पाठक ने पुलिस को बताया कि दो-तीन दिन पहले नौगांव की रहने वाली एक लड़की से उसके मोबाइल पर बातचीत होने लगी थी। दिनांक 15 मई 24 बुधवार दोपहर करीबन 01:00 बजे मिलने के लिये बेलाताल रोड पर संजय दालमिल के पास



आने के लिये कहा। उसके साथ कमरे पर मिलने चला गया, कमरे में महिला ने उसके साथ अश्लील हरकत करते हुए वीडियो बना लिया, इसके बाद वह जैसे ही कमरे से बाहर निकला तो वहां पर एक महिला एवं तीन आदमी पहले से मौजूद थे उन लोगों ने दरवाजा बंद कर लिया और मारपीट करते हुए दो लाख रुपये की मांग की गई और रुपए न देने पर जान से मारने की धमकी देते हुए मारपीट करने लगे। इसके साथ ही उसके 8 हजार रुपये व अपना मोबाइल उन्हें देकर बाकी रुपए की व्यवस्था करने कहकर निकल आया। पीड़ित युवक अमित पाठक की शिकायत पर पुलिस ने पूजा राजा बुन्देला पति भूपेन्द्र सिंह बुन्देला उम्र 22 वर्ष, रेखा पिता चेतराम यादव उम्र 23 निवासीगण वीरेन्द्र कॉलोनी, भूपेंद्र सिंह बुंदेला एवं अन्य दो लोगों के खिलाफ धारा 386, 342, 323, 34 आईपीसी के तहत मामला दर्ज कर लिया। मामले में थाना प्रभारी सतीश सिंह ने पुलिस टीम गठित कर मुखबिर की सूचना पर आरोपियों पूजा राजा बुन्देला पति भूपेन्द्र सिंह बुन्देला उम्र 22 वर्ष जिसके विरुद्ध पूर्व से भी मारपीट का अपराध पंजीबद्ध है एवं रेखा पिता चेतराम यादव उम्र 23 निवासीगण वीरेन्द्र कॉलोनी नौगांव को विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय पेश किया। न्यायालय के आदेश से जेल दाखिल किया गया। घटना में सम्मिलित आदतन अपराधी गुंडा बदमाश भूपेंद्र सिंह पर दुष्कर्म, चोरी, अवैध हथियार, जुआ अधिनियम, अवैध वसूली एवं मारपीट तथा उसकी पत्नी पूजा पर मारपीट एवं जान से मारने की धमकी के अपराध थाना नौगांव में पूर्व से पंजीबद्ध हैं। शेष आरोपी भूपेंद्र सिंह बुंदेला एवं अन्य की तलाश एवं विवेचना कार्यवाही जारी है।



## मकान गिरने के भय से एसपी के पास पहुंचे बदमाश के परिजन

**आवेदन देकर लगाई मकान न गिराने की गुहार**

**छतरपुर।** बीते रोज पुलिस ने ढोल-नगाड़ों के साथ जिले के शातिर बदमाश जाफिर उर्फ जफ्फू खान के घर जाकर उसके घर की नाप कराई थी और परिजनों को जल्द से जल्द जफ्फू को पुलिस के सामने हाजिर करने की चेतावनी दी थी। जिसके बाद अब जफ्फू खान के परिजनों को मकान गिरने का भय सता रहा है। गुरूवार को बदमाश जफ्फू के परिजनों ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय में आवेदन देते हुए उनके मकान को न गिराने की गुहार लगाई है। बदमाश की मां जुलेखा खातून ने कि जिस मकान की नाप पुलिस के द्वारा कराई गई है वह जाफिर खान के नाम पर नहीं है, उक्त मकान उसके दूसरे पुत्र जाकिर खान के नाम पर है। जुलेखा खातून के मुताबिक जाफिर उर्फ जफ्फू अपनी मर्जी का मालिक है और उसका घर के किसी भी सदस्य से सरोकार नहीं है। पूर्व में पुलिस दो बार उसके मकान को गिरा चुकी है और अब एक बार फिर मकान गिराने की चेतावनी दी गई है। पुलिस अधीक्षक कार्यालय में आवेदन देकर परिजनों ने मकान न गिराने की गुहार लगाई है, जिस पर पुलिस अधीक्षक ने बदमाश को जल्द से जल्द पुलिस के सामने हाजिर कर कार्यवाही से बचने का सुझाव दिया है।

## गर्मी में जलसंकट से निपटने नगर पालिका ने व्यापक तैयारी

**3 वाटर ट्रीटमेंट प्लांट और 8 टंकियों से की जा रही जल सप्लाई**

**छतरपुर।**

गर्मी के मौसम शहरवासियों को पर्याप्त जलापूर्ति के लिए नगर पालिका द्वारा व्यापक इंतजाम किए गए हैं, ताकि लोगों को जलसंकट का सामना न करना पड़े। वर्तमान में छतरपुर नगर पालिका 3 वाटर ट्रीटमेंट प्लांट और 8 टंकियों की मदद से शहर में जलापूर्ति कर रही है।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी माधुरी शर्मा ने बताया कि अमृत योजना के तहत शहर में जो पाइप लाइन बिछाई गई है, उसके माध्यम से प्रतिदिन शहरवासियों को पानी की सप्लाई की जा रही है। जलापूर्ति के लिए नगर पालिका द्वारा तीन वाटर ट्रीटमेंट प्लांट बनाए गए हैं, जिनमें से एक 6 एमएलडी का प्लांट बूढ़ा बांध पर है और दूसरा 16 एमलडी का प्लांट पचेर घाट पर है। इसके अलावा एक 8.6 एमएलडी का प्लांट शहर में बनाया गया है। शहर में नगर पालिका द्वारा 8 टंकियां बनाई गई हैं, जिनसे पानी की सप्लाई घरों तक की जा रही है। सीएमओ के मुताबिक बारिश होने तक शहर में जलसंकट की समस्या न हो इसके पूरे इंतजाम नगर पालिका द्वारा किए गए हैं।



**व्यर्थ पानी बहाने वालों पर की जा रही कार्यवाही**

नगर पालिका द्वारा घरों तक पानी पहुंचाने के लिए लोगों को नल कनेक्शन दिए गए हैं, जिन्हें कुछ लापरवाह लोग पानी भरने के बाद खुला छोड़ देते हैं, जिस कारण ये बड़ी मात्रा में पानी बर्बाद होता है। ऐसे लोगों पर नगर पालिका द्वारा कार्यवाही की जा रही है। सीएमओ माधुरी शर्मा ने बताया कि वे अपनी टीम के साथ शहर भ्रमण कर लोगों को जल संरक्षण के प्रति जागरुक कर रही हैं, साथ ही लापरवाही करने वाले लोगों पर चालानी कार्यवाही भी की जा रही है। उन्होंने बताया कि नल को खुला छोडऩे अथवा पाइपलाइन को क्षति पहुंचाने वाले व्यक्ति के विरुद्ध 2 हजार रुपए की चालानी कार्यवाही की जा रही है। उन्होंने शहरवासियों से अपील करते हुए कहा है कि वे पानी की कीमत को समझें और एक बूंद पानी भी बर्बाद न करें।

**पीएचई विभाग का दावा: शिकायत मिलते ही कराया जाता है सुधार**

## खराब पड़े ग्रामीण अंचलों के हैंडपंप, जल संकट से जूझ रहे लोग

**छतरपुर।**

इन दिनों समूचे जिले में पड़ रही भीषण गर्मी से तमाम तरह की परेशानियां सामने आ रही हैं। इसी बीच जिले के ग्रामीण अंचलों में लगे हैंडपंपों के खराब होने के कारण यहां के रहवासियों की समस्या और बढ़ गई है। जिले के कई ऐसे गांव हैं, जहां के हैंडपंप खराब पड़े हैं और शिकायत के बावजूद इनमें सुधार नहीं किया जा रहा है। हालांकि पीएचई विभाग का दावा है कि शिकायत मिलते ही हैंडपंपों में सुधार कराया जा रहा है।

प्राप्त जानकारी के मुताबिक जिला मुख्यालय से सटे ग्राम बगौता के लगभग सभी हैंडपंप खराब पड़े हैं। ग्रामीणों ने बताया कि वे हैंडपंपों के सुधार हेतु जिला मुख्यालय पर बनाए गए कंट्रोल रूम सहित अधिकारियों को इस समस्या से अवगत करा चुके हैं बावजूद इसके



आज तक हैंडपंपों में सुधार नहीं हो सका है। इसी तरह राजनगर क्षेत्र के ग्राम टिकरी से भी हैंडपंपों के खराब होने की जानकारी मिली है। यहां के ग्रामीण भी हैंडपंप खराब होने के कारण जलसंकट से जूझ रहे हैं। टिकरी के ग्रामीण अपनी समस्या अधिकारियों को बता चुके हैं लेकिन समस्या आज भी जस की तस बनी हुई है। गौरतलब है कि कलेक्टर संदीप जी आर के निर्देश पर जिला पंचायत कार्यालय में खराब हैंडपंपों की शिकायत हेतु कंट्रोल रूम बनाया गया है, जिसका नंबर 07682-259929 है। उक्त हेल्पलाइन नंबर पर प्रतिदिन जिले भर से डेढ़ दर्जन के आसपास शिकायतें प्राप्त हो रही हैं लेकिन शिकायत लिए जाने के बाद उनका निराकरण न होने से लोग मायूस हो जाते हैं। उल्लेखनीय है कि ग्रामीण अंचलों में हैंडपंपों खराब होने के कारण ग्रामीणों को तपती दोपहर में दूर-दराज के कुंओं से पानी ढोना पड़ रहा है। दैनिक उपयोग के अलावा लोगों को अपने मवेशियों के लिए भी पानी की आवश्यकता होती है, ऐसे में हैंडपंप खराब होना ग्रामीणों के लिए एक बड़ी समस्या है।

**इनका कहना है**

हैंडपंप खराब होने की शिकायत मिलने के अगले दिन ही सुधार कार्य कराया जा रहा है। जिन स्थानों पर जलस्तर कम हो गया है, वहां पाइप डलवाए जा रहे हैं। अधिक जल स्तर कम होने की स्थिति में हम सबमर्सिबल की व्यवस्था करवा रहे हैं।

**संजय कुमरे**
**कार्यपालन यंत्री, पीएचअई विभाग, छतरपुर**

## पालतू कुत्तों के झगड़े को लेकर पड़ोसियों में हुआ विवाद

**एक पक्ष ने पुलिस और चिकित्सक पर लगाए भेदभाव के आरोप**

**छतरपुर।**

गौरिहार थाना क्षेत्र के ग्राम गहबरा में दो पड़ोसियों के पालतू कुत्तों के बीच हो रहे झगड़े को लेकर न केवल पड़ोसियों में कहा-सुनी, बल्कि मारपीट तक हो गई। घटना में दोनों पक्षों के लोगों ने एक-दूसरे को पीटा लेकिन एक पक्ष का आरोप है कि पुलिस ने केवल दूसरे पक्ष की शिकायत ली है। इतना ही नहीं अस्पताल का चिकित्सक दूसरे पक्ष का रिश्तेदार होने के कारण उनकी एमएलसी भी ठीक ढंग से नहीं की गई। गुरूवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय में शिकायती आवेदन देकर उचित कर्रावाई की मांग की गई है।

आवेदन देने आईं गहबरा निवासी कविता पत्नी सुनील कुमार शुक्ला ने बताया कि गत 14 मई को सुबह लगभग साढ़े 8 बजे उसके



पालतू कुत्ते का झगड़ा पड़ोस में रहने वाले अहिरवार परिवार के पालतू कुत्ते से हो रहा था, जिसको लेकर पड़ोसी रामप्रसाद, कमलेश, छोटा, घसीटा और बाबू अहिरवार कविता के जेठ चन्ना शुक्ला के साथ गाली-गलौज करने लगे। जब चन्ना ने उन्हें रोकने का प्रयास किया तो उक्त लोगों ने एकराय होकर लाठी-डंडों से चन्ना पर हमला कर दिया। बीच-बचाव करने पहुंची चन्ना की पत्नी सम्पत के सिर में डंडा लगने के कारण वह बुरी तरह घायल हो गईं। इसके साथ ही कविता को भी बीच-बचाव करने में चोटें आईं। कविता का आरोप है कि घटना के बाद जब वह गौरिहार थाना गई तो पुलिस ने दिन भर उसे बैठाए रखा और इसके बाद बिना उनकी बात सुने शिकायत दर्ज करने की बात कहकर एमएलसी के लिए भेज दिया। लवकुशनगर के असप्ताल में कविता और उसकी जेठानी सम्पत को एमएलसी के लिए ले जाया गया लेकिन वहां पदस्थ डॉ. लखन अहिरवार दूसरे पक्ष का रिश्तेदार निकला, जिसने ठीक ढंग से एमएलसी नहीं की। कविता और सप्मत शुक्ला ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय में आवेदन देकर किसी अन्य चिकित्सक से एमएलसी कराने तथा उनके बताए अनुसार रिपोर्ट दर्ज कराकर उचित कर्रावाई कराने की मांग की है।

## भू विस्थापित रोजगार की मॉंगों को लेकर 18 मई से करेंगे अनिश्चिकालीन हड़ताल

**सिंगरौली।** दिलीप बिल्डिकान कंपनी निगाही के पूर्व कर्मचारी व नवानगर,बनौली, दसौती, अमझर, बनौली, दसौती, इटवा के भू-विस्थापित लगभग हजारों लोग एक साथ अपनी रोजगार की मॉंगो को लेकर एनसीएल के निगाही खदान मे सिक्कल लॉजिस्टिक-कंडोई केटीएल,पीसी पटेल कंपनी का कार्य रोककर अनिश्चिकालीन हड़ताल व धरना प्रदर्शन शांतिपूर्ण ढंग से करेंगें।डीबीएल के पूर्व कर्मचारियों ने व भू विस्थापितों ने बताया कि कई बार हड़ताल करने पर जिला प्रशासन व कम्पनी प्रबंधन के द्वारा जो आश्वासन दिया जाता है उसका पालन नहीं किया जाता है।इस कारण सभी डीबीएल के पूर्व कर्मचारी व विस्थापित जिला प्रशासन व कंपनी प्रबंधन पर काफी नाराज दिखे।तथा सभी जिम्मेदारों को चेताया है कि अगर दो दिन के अन्दर निर्णय नही होता है तो हम सब अपनी रोजगार की मॉंग को लेकर खदान मे अनिश्चिकालीन हड़ताल के लिए बाध्य हो जायेंगे जिसकी समस्त जिम्मेदारी जिला प्रशासन की होगी।डीबीएल कर्मियों ने बताया कि हम लोग लगातार कई वर्षो से लगातार एनसीएल के निगाही खदान मे ओबी हटाने वाली कंपनी मे कार्य कर रहे है।जब भी ओबी हटाने वाली कंपनी का कार्य खत्म होता है तो जो नई कंपनी आती है यहॉं कार्य कर करते है जिसमें विस्थापित, प्रभावित, स्थानीय व कई वर्षो से कार्य कर रहे कर्मचारियों को प्राथमिकता के आधार पर कंपनियां रोजगार देती रही है।इसके पहले डीबीएल के कर्मी बीजीआर, वीपीआर, डीबीएल डेको व डीबीएल मे कार्य करते आ रहे थे।आगे डीबीएल कर्मियों ने बताया कि जिला प्रशासन से कलेक्टर, एसडीएम के आदेश के वावजूद भी सिक्कल कंडोई कंपनी व पीसी पटेल कंपनी के द्वारा खुलेआम उल्लघंन करते हुए यहॉं नेताओ के सिफारिश से भर्तीया कर रही है।आगे डीबीएल के कर्मचारियों ने बताया कि हम लोगो के द्वारा दो बार अनिश्चिकालीन हड़ताल कि गई थी लेकिन एसडीएम के समझौते के आधार पर हड़ताल खत्म कर लिये थे तथा कंडोई कंपनी प्रबंधन के द्वारा डीबीएल के छः सौ लोगो को रोजगार देने की बात कही थी लेकिन कंडोई कंपनी के द्वारा कुछ लोगो की भर्ती कर बीच में भर्ती प्रक्रिया बंद कर दी गई है और न ही लिखित दे रहा है।जिला प्रशासन से एसडीएम के द्वारा कहॉं गया है कि तहसीलदार व एनसीएल के जीएम तथा कंडोई कंपनी प्रबंधन व डीबीएल कर्मचारियों के बीच हुए समझौते का लिखित दिया जाएगा लेकिन अभी तक कोई लिखित नही मिला है।अब डीबीएल के कर्मचारी व विस्थापितों ने चेतावनी देते हुए कहा है कि सभी कर्मचारी व भू विस्थापित मिलकर दोनों कंपनियों का कार्य बाधित करेंगें।आगे डीबीएल कर्मियों व विस्थापितों ने कहा कि प्रशासन के द्वारा अपने ही आदेश का पालन नही करा पाने की शिकायत मुख्यमंत्री मोहन यादव से भी करेंगे।आगे डीबीएल के कर्मचारियों व विस्थापितों ने बताया कि पीसी पटेल कंपनी के द्वारा एक भी नई भर्ती नही की जा रही है जिला प्रशासन के द्वारा जॉंच के नाम सिर्फ व सिर्फ ढकोसला किया जा रहा है उसकी भी शिकायत की जाएगी।डीबीएल कंपनी के समस्त कर्मचारी व विस्थापित एक साथ मिलकर 18 मई को हड़ताल करेंगे।

## नलकूप खनन पर कलेक्टर की रोक का नहीं हो रहा असर, धड़ल्ले से हो रहा बोरिंग का कारोबार

**हरपालपुर।**

गिरते जलस्तर को देखते हुए कलेक्टर संदीप जी आर के द्वारा नलकूप खनन पर लगाई गई रोक का असर नौगांव तहसील क्षेत्र में दिखाई नहीं दे रहा है। बोरिंग मशीन संचालकों के द्वारा ग्राहकों से अनुमति कराने का ठेका लेकर नौगांव और हरपालपुर क्षेत्र में पुरानी अनुमति की आड़ में बोरिंग का कारोबार धड़ल्ले से किया जा रहा है।

कलेक्टर संदीप जी आर ने गिरते जलस्तर को ध्यान में रखते हुए बोर उत्खनन पर प्रतिबंध लगा दिया है। कलेक्टर की रोक के चलते नौगांव तहसील क्षेत्र में बोरिंग का कारोबार बंद नहीं हुआ लेकिन हां बोरिंग संचालकों के द्वारा बोर करने के साथ उत्खनन अनुमति दिलाने का काम भी किया जा रहा है, जिसके चलते बोरिंग संचालकों ने बोर उत्खनन के दाम बढ़ा दिए हैं। बोरिंग संचालक अनुमति दिलाने के नाम पर भी फर्जीवाड़ा कर रहे हैं। बोरिंग संचालक एक अनुमति के नाम पर कई बोर कर रहे हैं, इसके बदले में बोरिंग संचालक ग्राहकों से ज्यादा रेट वसूल रहे हैं। अब लोगों को अवैध तरीके से बोरिंग कराने के लिए



ज्यादा पैसे देने पड़ रहे हैं। वहीं जिम्मेदार अधिकारी बेपरवाह हैं। पिछले माह जिला प्रशासन द्वारा बोर उत्खनन प्रतिबंधित कर दिया गया था। फिर भी इसका पूरी तरह पालन नहीं हो पा रहा है। प्रतिबंध से पहले बोर उत्खनन का रेट 80 से 85 रुपए फीट के हिसाब से बोरिंग की जा रही थी लेकिन प्रतिबंध के बाद बोरिंग का रेट बढ़ाकर 110 से 130 रुपए फीट कर दिया गया है। यह काम पूरी तरह सेटिंग से चल रहा है। इसके लिए पहले बोर उत्खनन के लिए संपर्क किया जाता है। इसके बाद तय स्थान को देखा जाता है। तब रात के रात के अंधेरे में बोर मशीन तय स्थान पर पहुंचती हैं। इसके लिए उनका पूरा नेटवर्क सक्रिय रहता है। जो तहसील से संबंधित व्यक्ति को पेयजल की समस्या दर्शाकर बोर कराने की अनुमति लेते हैं। मौके पर न पटवारी, न नगर परिषद के अधिकारियों कर्मचारियों द्वारा वास्तविक स्थिति देखी जाती है। कागजों में गुमराह कर अधिकारियों से अनुमति ली जाती है। पीने के पानी की समस्या बताकर भवन निर्माण के लिए खुलेआम बोरिंग कराई जा रही है।

**इनका कहना है**

कलेक्टर द्वारा बोरिंग उत्खनन पर रोक लगाई है, विशेष परिस्थितियों में अनुमति दी जा सकती है। बिना अनुमति कही बोरिंग मशीन चल रही हो तो तुरंत सूचना दें कार्रवाई की जायेगी।

**विशा माधवानी**
**एसडीएम, नौगांव**

# सही कार्ययोजना बनाकर खेती का विकास करें - कृषि उत्पादन आयुक्त

## खेती के विकास की कलेक्टर नियमित मॉनीटरिंग करें - श्री मिश्रा



रीवा

कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में कृषि विकास की संभागीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए कृषि उत्पादन आयुक्त श्री एसएन मिश्रा ने कहा कि रीवा संभाग में पिछले 10 वर्षों में सिंचाई के क्षेत्र में तेजी से वृद्धि हुई है। संभाग की अर्थव्यवस्था का मुख्य आधार खेती है। इससे बड़ी संख्या में रोजगार का सृजन होता है। कलेक्टर खेती के विकास के लिए लागू योजनाओं की नियमित मॉनीटरिंग करें। सही कार्ययोजना बनाकर खेती का विकास करें। खेती के विकास से ही इस पूरे क्षेत्र का तेजी से विकास होगा। कृषि विकास के कम से कम एक घटक को लक्ष्य बनाकर उसमें प्रदेश स्तरीय सफलता प्राप्त करने का प्रयास करें।

कृषि उत्पादन आयुक्त ने कहा कि जिले की प्रमुख कृषि उपज मण्डी को आधुनिक बनाकर ई मण्डी की सुविधा किसानों को दें। संभाग में जिला और विकासखण्ड स्तर पर मिट्टी परीक्षण की सभी प्रयोगशालाओं को सक्रिय करें। मिट्टी में मुख्य रूप से जिंक, सल्फर जैसे पोषक तत्वों की कमी है। इनका उपयोग बढ़ाने के लिए जागरूकता अभियान चलाएं। किसान माइक्रो न्यूट्रियंस पर थोड़ी सी राशि खर्च करके अधिक गुणवत्तापूर्ण तथा अधिक उत्पादन प्राप्त कर सकेगा। कृषि वैज्ञानिक संभाग की मिट्टी, पानी और तापमान के अनुकूल फसलों तथा फसल तकनीकों की जानकारी किसानों तक पहुंचाएं। खेती का ज्ञान किसानों तक पहुंचकर ही सार्थक बनेगा। संभाग में कोदौ, कुटकी, अरहर, जौ, मक्का, सरसों, रामतिल आदि की फसलों को बढ़ावा दें। किसानों को जिन फसलों से अधिक लाभ होगा उसे किसान जरूर अपनाएंगे।

बैठक में अतिरिक्त मुख्य सचिव कृषि अशोक वर्णवाल ने कहा कि अर्थव्यवस्था का आधार खेती है। इसके विकास के लिए सही कार्ययोजना तैयार करें। सभी कलेक्टर साप्ताहिक टीएल बैठक में इसकी समीक्षा करें। खेती के विकास की कार्ययोजना में सिंचाई के विकास, कृषि यंत्रीकरण, अधिक उत्पादन देने वाले बीजों का उपयोग, किसानों को सरलता से ऋण उपलब्धता, समर्थन मूल्य पर उपार्जन तथा फसल बीमा की सुरक्षा को शामिल करें। मौसम के पूर्वानुमान, प्रभावी कीट प्रबंधन, बीज की गुणवत्ता, खाद के उचित उपयोग तथा फसलों में जिंक, सल्फर जैसे माइक्रो न्यूट्रियंस के उपयोग को शामिल करके कार्ययोजना बनाएं। संभाग में कुपोषण का मुख्य कारण फसलों में आयरन की कमी है। इसे माइक्रो न्यूट्रियंस के उपयोग से दूर किया जा सकता है। संभाग के सभी जिलों में निर्धारित लक्ष्य के अनुसार उर्वरक का उपयोग सुनिश्चित करें। मिट्टी के परीक्षण के लिए पीपीपी मोड पर विकासखण्ड स्तर पर शीघ्र ही प्रयोगशालाएं शुरू की जा रही हैं। कलेक्टर कृषि उत्पादन संघों की संख्या बढ़ाएं। इनके कार्यों की हर माह समीक्षा करें। एफपीओ के माध्यम से ही बीज उत्पादन तथा वितरण कराएं।

एसीएस ने कहा कि जिले की एक मण्डी को हाईटेक बनाकर उसमें अनाजों की आधुनिक तरीके से सफाई तथा ऑटोमेटिक पैंकिंग का प्लांट लगवाएं। किसानों को कैशलेस भुगतान की व्यवस्था करें। जमीन, फसल तथा किसान की रजिस्ट्री कराकर एग्री स्टेक की व्यवस्था सुनिश्चित करें। इसके लागू होते ही किसान को 15 मिनट में किसान क्रेडिट कार्ड मिल जाएगा। मिलेट मिशन में कोदौ और कुटकी पर किसान को 10 रुपए प्रति किलो अतिरिक्त राशि दी जा रही है। इसका व्यापक प्रचार-प्रसार करें। सुपर सीडर और हैपी सीडर जैसे कृषि उपकरणों के उपयोग से नरवाई की समस्या का समाधान होने के साथ फसल की बोनी में 15 दिन की बचत होगी।

बैठक में संभाग के सहकारी बैंकों की आर्थिक स्थिति में सुधार, जैविक कीट नियंत्रण, इंटीग्रेटेड फार्मिंग सिस्टम तथा स्केल ऑफ फाइनेंस की समीक्षा की गई। बैठक में सहकारी बैंकों के लंबित ऋणों की वसूली, सभी किसानों को क्रेडिट कार्ड जारी करने, कृषि के टर्म लोन की नियमित समीक्षा तथा कृषि फर्मों में बीज उत्पादन के निर्देश दिए गए। बैठक में कलेक्टर्स ने अपने जिले की कृषि कार्ययोजना प्रस्तुत की। बैठक में प्रमुख सचिव सहकारिता श्रीमती दीपाली रस्तोगी, प्रमुख सचिव कृषि एम सेलवेन्द्रन, कमिश्नर रीवा गोपाल चन्द्र डाड, कलेक्टर रीवा श्रीमती प्रतिभा पाल, कलेक्टर सीधी स्वरोचिष सोमवंशी, कलेक्टर सिंगरौली चन्द्रशेखर शुक्ला, कलेक्टर मऊगंज अजय श्रीवास्तव, कलेक्टर मैहर रानी बाटड, प्रभारी कलेक्टर सतना स्वप्निल वानखेड़े, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी तथा कृषि विभाग के अधिकारी एवं कृषि वैज्ञानिक उपस्थित रहे।

### रीवा संभाग में सब्जी और फल उत्पादन में अच्छा कार्य हुआ है



### पुष्प और मसाले के क्षेत्र विस्तार तथा दूध संकलन बढ़ाने के प्रयास करें - एपीसी

रीवा। कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित संभागीय समीक्षा बैठक में कृषि उत्पादन आयुक्त श्री एसएन मिश्रा ने उद्यानिकी, पशुपालन, दुग्ध संघ, मछली पालन एवं एमपी एग्रो की समीक्षा की। कृषि उत्पादन आयुक्त ने कहा कि रीवा संभाग में फल और सब्जी उत्पादन में बहुत अच्छा कार्य हुआ है। संभाग प्रदेश में सब्जी उत्पादन में दूसरे तथा फल उत्पादन में तीसरे स्थान पर है। अनाज के बाद फल-सब्जी उत्पादन किसानों को सर्वाधिक आय और रोजगार के अवसर दे रहा है। फल और सब्जी के साथ-साथ पुष्प और मसाले के क्षेत्र विस्तार पर विशेष ध्यान दें। इनसे कम लागत में अच्छा लाभ प्राप्त होता है। सीधी जिले में मछली पालन के लिए केज का सफलतापूर्वक उपयोग किया जा रहा है। संभाग के अन्य जिलों में भी केज के माध्यम से मछली पालन कराएं। कलेक्टर खेती और इससे जुड़े अन्य व्यवसायों के विकास के लिए दीर्घकालीन योजनाएं बनाएं। उद्यानिकी से जुड़ी योजनाओं के क्रियान्वयन की नियमित समीक्षा करें। उद्यानिकी फसलों के क्षेत्र विस्तार के लिए बड़े अभियान की आवश्यकता है। कलेक्टर किसी एक या दो फसल का चयन करके उनसे अधिक से अधिक किसानों को जोड़ने का प्रयास करें। फल-सब्जी और मसालों की मार्केटिंग के लिए भी किसानों को उचित सुविधा उपलब्ध कराएं।

कृषि उत्पादन आयुक्त ने कहा कि संभाग में मछली पालन की अपार संभावना है। सभी बारहमासी जलाशयों में मछली पालन अनिवार्य रूप से कराएं। बड़े सिंचाई बांधों में भी अच्छी मात्रा में मछली का उत्पादन हो सकता है। संभाग में दुधारू पशुओं की संख्या पर्याप्त है। इनके नस्ल सुधार के लिए अभियान चलाएं। दूध उत्पादन तथा संकलन बढ़ाने के लिए विशेष प्रयास करें। नए मिल्क रूट का निर्माण कर दुग्ध सहकारी समितियाँ गठित कराएं। सहकारी समितियों का लंबित भुगतान तत्काल कराएं। संभाग में ऐरा प्रथा बड़ी समस्या है। इसे दूर करने के लिए गौशालाओं का सक्रिय संचालन कराएं। बसामन मामा गौ अभ्यारण्य जैसे बड़े क्षेत्र में निराश्रित गौवंश को रखने की व्यवस्था करें। इनमें गोबर गैस संयंत्र से बिजली उत्पादन जैसी इकाईयाँ भी संचालित कराएं। मऊगंज जिले में निराश्रित गौवंश को सुरक्षित करने के लिए सराहनीय प्रयास किए जा रहे हैं। कृषि उत्पादन आयुक्त ने कहा कि दुग्ध संघ के सांची ब्रांड के उत्पादों की बिक्री के लिए सभी जिलों में प्रमुख सार्वजनिक स्थलों पर साँची पार्लर स्थापित कराएं। कलेक्टर कृषि, उद्यानिकी, पशुपालन, मछलीपालन तथा दुग्ध संघ की विभागीय गतिविधियों की नियमित समीक्षा करें। रीवा और सतना जिलों में फल और सब्जी का बहुत अच्छा उत्पादन हो रहा है। सीधी और सिंगरौली जिले में भी फल-सब्जी उत्पादन बढ़ाने के प्रयास करें। मछली पालकों तथा पशुपालकों को किसान क्रेडिट कार्ड जारी कराएं। कलेक्टर जिला बैंकर्स सलाहकार समिति में इसकी नियमित समीक्षा करें। बैठक में एमपी एग्रो की योजनाओं की भी समीक्षा की गई। बैठक में कलेक्टर रीवा श्रीमती प्रतिभा पाल ने गौशालाओं के सफल संचालन के लिए एक चौकीदार की व्यवस्था करने तथा जिले से प्रस्तावित तीन गौ अभ्यारण्य की स्वीकृति का अनुरोध किया। बैठक में प्रमुख सचिव सहकारिता श्रीमती दीपाली रस्तोगी, कमिश्नर रीवा संभाग गोपाल चन्द्र डाड, संचालक उद्यानिकी एसबी सिंह, संचालक दुग्ध संघ एस सतीश कुमार संभाग के सभी जिलों के कलेक्टर, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी तथा विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### कलेक्टर जल जीवन मिशन की आज करेंगी समीक्षा

रीवा। कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में जल जीवन मिशन के कार्यों की समीक्षा करेंगी। बैठक दोपहर बाद 3 बजे आरंभ होगी। बैठक में नल-जल योजनाओं के निर्माण की प्रगति, पूर्ण नल-जल योजनाओं को हस्तांतरित करने तथा जल प्रदाय की समीक्षा की जाएगी। संबंधित अधिकारियों को बैठक में उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए हैं।

### अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय में एनएसयूआई ने नियुक्त किए पदाधिकारी



रीवा। भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन एनएसयूआई द्वारा जिला अध्यक्ष पंकज उपाध्याय के नेतृत्व में अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय रीवा में नवीन पदाधिकारीयो का गठन करते हुए कई छात्रों को जिम्मेदारी सौंपी। एनएसयूआई जिला अध्यक्ष पंकज उपाध्याय ने बताया कि अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय में नवीन पदाधिकारीयो की नियुक्ति की गई है जिसमें देवेश शुक्ला को विश्वविद्यालय का अध्यक्ष व अभिषेक तिवारी को जिला महासचिव एवं प्रभारी विश्वविद्यालय शुभांगी सोनी को महिला विंग का इकाई अध्यक्ष नियुक्त किया गया है, सभी पदाधिकारी की नियुक्ति करते हुए एक आवश्यक बैठक भी ली गई ।जिसमें कन्या महाविद्यालय के आंदोलन को जोरों शोरों से विश्वविद्यालय में छात्रों से समर्थन मांगने हेतु काम करने को कहा गया है। वा कांग्रेस पार्टी के विचारधारा से ज्यादा से ज्यादा छात्रों को जोड़ने की बात भी की गई और छात्र हित में लगातार आवाज उठाते रहे इन्ही बातो के साथ यह नियुक्ति की गई हैं।बैठक के दौरान एनएसयूआई जिला संगठन मंत्री शिवम मिश्रा शशिमॉल तिवारी जिला महासचिव गौरव पांडे व शिवांशु शुक्ला रीवा विधानसभा अध्यक्ष प्रतीक द्विवेदी चीरहुला ब्लॉक अध्यक्ष संस्कार त्रिपाठी जिला सचिव मोहित शुक्ला आदि सैकड़ों की संख्या में छात्र छात्राये मौजूद रहे।

### विंध्य को मिली नई सौगात अब आसानी से होगा दिमाक के कैंसर और नसों का उपचार



रीवा । संजय गांधी अस्पताल रीवा में उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्लाजी, डीन, सुपरीटेंडेंट, न्यूरोसर्जरी विभाग के अध्यापकों के अथक प्रयासों से मस्तिष्क की सर्जरी में उपयोग में लाया जाने वाला माइक्रोस्कोप संजय गांधी अस्पताल मे स्थापित किया गया। करीबन एक करोड़ 85 लाख की लागत से आया हुआ यह माइक्रोस्कोप रीवा एवं विंध्य क्षेत्र की चिकित्सा सुविधाओं में हर रोज आती नवीनता का जीता जागता उदाहरण है। यह माइक्रोस्कोप के द्वारा दिमाग का कैंसर, और दिमाग की नसों से जुड़ी हुई जटिल से जटिल प्रक्रिया करी जा सकती है। यह आधुनिक माइक्रोस्कोप रीवा एवं प्रदेश की जनता के लिए एक वरदान स्वरुप साबित होगा। मशीन का अनावरण तारीख बुधवार को संजय गांधी अस्पताल के नवनियुक्त डीन डॉ. सुनील अग्रवाल, अधीक्षक डॉ. राहुल मिश्रा एवं डीएमटी प्रतिनिधि डॉ. रामाभिलाश दुबे द्वारा किया गया, इस दौरान संजय गाँधी अस्पताल के सर्जरी विभाग के विभागध्यक्ष डॉ. विनोद यदलवार, न्यूरोसर्जन डॉ. दिनेश पटेल, न्यूरोसर्जन डॉ. सोनपाल जिंदल, सर्जरी के पूर्व विभागध्यक्ष डॉ. रचना गुप्ता, रीवा जूड़ा के अध्यक्ष डॉ. आशय द्विवेदी एवं सर्जरी पिजी डॉ. सिद्धार्थ जैन भी उपस्थित रहे।

## गायब किशोर, किशोरी दस्तयाब

मऊगंज। पुलिस अधीक्षक वीरेन्द्र जैन के निर्देशन एवं अति. पु.अधी. मऊगंज अनुराग पाण्डेय तथा अनु. अधि. (पु.) मऊगंज सुश्री अँकिता सुल्या के मार्गदर्शन मे श्रीमान पुलिस महानिरीक्षक महोदय रीवा जोन रीवा द्वारा गुम इंसान की दस्तयाबी हेतु चलाए गए विशेष अभियान के तहत 17 वर्षीय किशोरी एवं 16 वर्षीय बालक को दस्तयाब कर परिजनो को सुपुर्द किया गया। विवरणः- 01. दिनाँक 31.01.24 को थाना लौर क्षेत्रान्तर्गत ग्राम सगरा से 17 वर्षीय किशोरी के गुमने की सूचना प्राप्त होने पर धारा 363 ता.हि. का अपराध पँजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया था, मामले की विवेचना, एवं अपहृता की पता तलाश दौरान आज दिनाँक 15.05.24 को अपहृता किशोरी को दस्तयाब कर उससे महिला पुलिस अधिकारी से पूँछताँछ कराकर उसके साथ कोई आपराधिक घटना घटित होना नहीं पाए जाने पर सकुशल उसे परिजनो के सुपुर्द किया गया। विवरणः- 02. दिनाँक 02.05.24 को रमेश कुमार तिवारी पिता रघुनाथ प्रसाद तिवारी उम्र 50 वर्ष नि. ग्राम जोरौट थाना नईगढ़ी जिला मऊगंज द्वारा कक्षा 10 वीं मे पढ़ने वाले अपने पुत्र प्रिंस तिवारी पिता रमेश कुमार तिवारी उम्र 16 वर्ष के 10 वीं के रिजल्ट मे पूरक आ जाने की वजह से परिजनो से डरवश देवतालाब मँदिर परिसर से कहीं चले जाने की सूचना दर्ज कराई गई थी, सूचना पर धारा 363 ता.हि. का अपराध पँजीबद्ध कर अपहृत बालक की पता तलाश दौरान आज दिनाँक 15.05.24 को दस्तयाब कर उससे पूँछताँछ उपरांत उसके साथ किसी प्रकार की आपराधिक घटना का घटित नहीं होना पाए जाने से सकुशल उसे परिजनो के सुपुर्द किया गया। सराहनीय भूमिकाः- उप निरी. जगदीश ठाकुर थाना प्रभारी, उप निरी. राजेश पाण्डेय, सउनि अँगद प्रसाद शुक्ला, आरक्षक मुकेश कुमार, म.आर. वैशाली शुक्ला की रही।

## किराए के मकान में युवक ने खुद को गोली मारी

### विश्वविद्यालय थाना क्षेत्र अंतर्गत अनंतपुर में हुई घटना, अस्पताल में भर्ती





रीवा ।

जिले के विश्वविद्यालय थाना क्षेत्र अंतर्गत अनंतपुर में किराए के मकान में रहने वाले एक युवक ने अपने ऑफिस रूम में कनपटी पर गोली मारकर आत्महया का प्रयास किया। घटना की जानकारी मिलते ही घायल युवक को इलाज के लिए मिनर्वा हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है। घटना बुधवार की शाम की है। घायल युवक का नाम प्रवेश मिश्रा उर्फ सागर पिता राकेश मिश्रा 26 वर्ष मूल निवासी नारीवारी प्रयागराज (यूपी) है। बताया गया है कि युवक के सिर के बाहरी हिस्से पर गोली लगी जिसे डॉक्टरो ने ऑपरेशन कर गोली को बाहर निकाल दिया है। युवक ने किस कारण से आत्महत्या का प्रयास किया, इसकी जानकारी पुलिस द्वारा जुटाई जा रही है।

#### सोलर प्लेट का व्यवसाय करता था युवक

अपने आप को गोली मारने वाला प्रवेश मिश्रा रीवा में अपने भैया के साथ रहकर सोलर एनर्जी का कार्य करता है। प्रवेश की भाभी नर्स हैं, जो बाहर पदस्थ हैं। लेकिन इस समय वे रीवा में ही हैं। बताया गया है कि दोपहर लगभग तीन बजे तीनों ने घर में भोजन किया। आशंका है की कर्ज या गलत संगत के चलते युवक ने यह आत्मघाती कदम उठाया है

#### रूम से पिस्टल बरामद

घटना स्थल पर पुलिस की एफएसएल टीम को मौके से पिस्टल और गोली बरामद हो गई है। फर्श पर खून भी पड़ा था। बताया जा रहा है कि कि गोली बाएं कनपटी को छूते हुए निकल गई। घायल युवक को निजी अस्पताल में भर्ती करा दिया गया है, जहां उसका उपचार शुरु है। युवक की हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है। चिकित्सक उस पर नजर बनाए हुए हैं। उधर पुलिस भी घटना की वजह जानने का प्रयास कर रही है।

#### इनका कहना है

अनंतपुर में युवक ने अपनी कनपटी में पिस्टल से फायर किया है, परिजनों से घटना के संबंध में जानकारी ली जा रही है। युवक की हालत खतरे से बाहर है, जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी।

**विवेक सिंह, पुलिस**

## कृषकों के लिए अल्पकालीन फसल ऋण की देय तिथि बढ़कर 31 मई की गई

रीवा। राज्य शासन ने केवल उपार्जन से संबंधित कृषकों के लिए खरीद 2023 सीजन में वितरित किए गए अल्पकालीन फसल ऋण की देय तिथि बढ़ाकर 31 मई 2024 नियत की है। पहले यह तिथि 30 अप्रैल निर्धारित थी।

सरकारी बैंकों के माध्यम से कृषकों को अल्पकालीन ऋण पर ब्याज अनुदान योजना अंतर्गत वर्ष 2023-24 में शून्य प्रतिशत ब्याज दर पर किसानों को अल्पावधि फसल ऋण दिये जाने की योजना निरन्तरता के संबंध में भी निर्देश जारी किये गये हैं। योजनान्तर्गत खरीफ 2023 सीजन में वितरित अल्पकालीन फसल ऋण की देय तिथि (ड्यू डेट) 28 मार्च, 2024 को बढ़ाकर 30 अप्रैल, 2024 करने के आदेश सहकारिता विभाग ने प्रसारित किये गये थे।

किसानों को उपार्जित फसल की देय राशि प्राप्त होने में तकनीकी आदि कारणों से विलंब को दृष्टिगत रखते हुए राज्य शासन द्वारा निर्णय लिया गया है कि केवल ऐसे कृषकों जिनके द्वारा निर्धारित ड्यू डेट 30 अप्रैल, 2024 तक समर्थन मूल्य पर अपने विभिन्न फसलों जैसे - गेहूं, चना, मसूर, सरसों आदि का विक्रय किया गया है ।

## विहान हॉस्पिटल में महिला की मौत के बाद सौदेबाजी

### परिजनों ने लगाया मौत के बाद भी इलाज जारी रखने का आरोप

रीवा ।





जिले के रतहरा में संचालित विहान हॉस्पिटल में महिला मरीज की मौत के बाद बुधवार को हंगामा हो गया। परिजनों ने सांसे थमने के बाद भी इलाज जारी रखने का आरोप लगाया है। महिला को पथरी का ऑपरेशन कराने के लिये अस्पताल में भर्ती कराया गया था। मिली जानकारी के अनुसार नईगढ़ी क्षेत्र के भलुहा गांव निवासी माधुरी पटेल नाम की महिला को पथरी की शिकायत थी। परिजन उसे 9 मई को विहान हॉस्पिटल उपचार के लिये लेकर पहुंचे थे। यहां पर चिकित्सकों ने जांच किया और ऑपरेशन करने की बात कही। 10 मई को महिला का ऑपरेशन किया गया। इसके बाद उसकी तबियत बिगड़ गई। महिला को वेंटीलेटर पर रखा गया और परिजनों पर रुपये लाने का दबाव बनाया गया। इस बीच महिला की तबियत बिगड़ती चली गई। परिजनों को उससे मिलने नहीं दिया गया । मृतिका के भाई मनीष पटेल ने बताया कि माधुरी की मौत के बाद डॉ. राकेश पटेल ने अपने आवास में बुलाया था। यहां पर उनके द्वारा मामले को दबाने के लिये 50 हजार रुपये देने का प्रयास किया गया। इसके अलावा बच्चों की पढ़ाई का जिम्मा भी लेने की बात कही गई। ऐसे में जाहिर है कि इस मामले में अस्पताल प्रबंधन ने घोर लापरवाही की है। जिसकी वजह से परिजनों को रुपये देकर शांत कराने का प्रयास किया गया ।बुधवार की सुबह अस्पताल प्रबंधन की ओर से बताया गया कि महिला की सांसे थम चुकी हैं। जिसके बाद परिजनों ने हंगामा शुरू कर दिया। हंगामा को शांत करने व अस्पताल की कमियों को छिपाने के लिये परिजनों को अस्पताल प्रबंधन की ओर से 50 हजार रुपये देने का प्रयास किया गया, लेकिन परिजनों ने रुपये लेने से इनकार कर दिया। परिजनों ने कहा है कि मामले की शिकायत पुलिस समेत वरिष्ठ अधिकारियों से की जायेगी।

#### मृतिका के बच्चे हो गए अनाथ

परिजनों ने बताया कि माधुरी के पति की मृत्यु कुछ वर्ष पहले ही हो गई थी। उसके दो बच्चे हैं, जिनका भरण पोषण वह किसी तरह से करती थी। लेकिन माधुरी की जान भी विहान हॉस्पिटल ने ले ली, जिसकी वजह से बच्चे अनाथ हो गये हैं। अब बच्चों की देखभाल का संकट खड़ा हो गया है।

#### घटना के कई घंटे बीत जाने के बाद अस्पताल प्रबंधन में दी सफाई

घटना के कई घंटे बीत जाने के बाद गुरुवार को अस्पताल प्रबंधक इंजी कल्पना पटेल ने बताया की कुछ स्थानीय लोगों के बहकावे पर जाकर परिजनों ने गलत आरोप लगाया है। परिजनों के मर्जी से ही ऑपरेशन किया गया था लेकिन ऑपरेशन के बाद महिला को कार्डिया अटैक आने से मौत हो गई परिजनों ने गलत आरोप लगाया है महिला का इलाज आयुष्मान योजना के तहत हुआ था।

## मऊगंज में तीन दिवसीय पुस्तक मेले का हुआ शुभारंभ

मऊगंज।



अशासकीय शालाओं में अध्यनरत छात्र व छात्राओं हेतु पालकों को गुणवत्तापूर्ण व उचित मूल्य पर एक ही स्थान से सामग्री कर करने हेतु जिला स्तरीय तीन दिवसीय पुस्तक मेले का भव्य शुभारंभ जनपद सभागार मऊगंज में हुआ। पुस्तक मेले का आयोजन राज्य शिक्षा केंद्र भोपाल एवं जिला शिक्षा केंद्र रीवा तथा कलेक्टर मऊगंज के निर्देश पर आयोजित किया जा रहा है। आयोजित पुस्तक मेले का उद्देश्य पालकों को मनचाही दुकान से उचित मूल्य पर पाठय पुस्तक एवं अन्य सामग्री क्रय कराया जाना है। आयोजित जिला स्तरीय पुस्तक मेले में मऊगंज जिले की विभिन्न फर्मों से व्यापारियों ने पहुंचकर अपने-अपने स्टाल लगाकर पुस्तक कॉपी स्कूल यूनिफॉर्म स्कूल संबंधी सामग्रियों को उचित दामों में विक्रय किया। व्यापारियों द्वारा लगाए गए स्टाल पर क्षेत्र से आए पालकों ने भ्रमण किया एवं सालेय सामग्री क्रय की गई।गौरतलब है कि मऊगंज जिला मुख्यालय स्थित जनपद सभागार में तीन दिवसीय पुस्तक मेले का आयोजन किया जा रहा है 16 मई से प्रारंभ पुस्तक मेला 18 मई तक चलेगा। जिसमें जिला क्षेत्र के छात्र अभिभावकों द्वारा मनचाही पुस्तक यूनिफॉर्म बैग के साथ पठन-पाठन सामग्री खरीद सकेंगे। आयोजित मेले का शुभारंभ विद्या की अधिष्ठात्री देवी मां सरस्वती के चित्र समक्ष दीप प्रज्वलन एवं पुष्प अर्पण के साथ किया गया। उपरांत विभागीय अधिकारियों द्वारा उपस्थित छात्र अभिभावको संस्था प्रमुखों एवं व्यापारियों को इस आशय की जानकारी प्रदान की गई की वास्तव में पुस्तक मेला का उद्देश्य क्या है। इस मौके पर प्रशासनिक अधिकारियों के साथ मऊगंज हनुमना नईगढ़ी विकासखंडों के विकासखंड शिक्षा अधिकारी बीआरसीसी एवं प्राइवेट विद्यालयों के संस्था प्रमुखों के साथ छात्र अभिभावक मौजूद रहे।

## योजनाओं का लाभ दिलाने की एवज में सुपरवाइजर ने मांगी रिश्वत



मऊगंज। जिले के ढेरा सेक्टर की सुपरवाइजर पर योजनाओं का लाभ दिलाने की एवज में रिश्वत मांगने का आरोप लगा है। यह पूरा मामला मऊगंज जिले के महिला बाल विकास सेक्टर ढेरा का है।जो मध्यप्रदेश के उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल का गृहग्राम भी है जहां हितग्राही ने सुपरवाइजर शांति पटेल पर मातृवंदना योजना में लाभ दिलाने की एवज में हितग्राही से 1000 की मांग की है।यह आरोप लगाते हुए पथरहा निवासी अमरजीत पाण्डेय ने बताया कि महिला बाल विकास विभाग में पदस्थ ढेरा सेक्टर की सुपरवाइजर ने मातृवंदना योजना में मिलने वाली अनुग्रह राशि 5000 दिलाए जाने की एवज में 1000 की मांग की और कहा कि ₹तुम्हें फ्री के 5000 मिलेंगे तो 1000 देने में क्या हर्ज है₹ महिला बाल विकास विभाग की सुपरवाइजर पर रिश्वतखोरी का आरोप लगाते हुए हितग्राही ने बताया कि बच्चे के जन्म के ग्यारह महीने बीत जाने के बाद भी मुझे इस महत्वाकांक्षी योजना का लाभ नहीं मिला।जिसकी शिकायत मेरे द्वारा संबंधित विभाग के साथ सीएम हेल्पलाइन में भी की गई थी। जिसको सुपरवाइजर द्वारा दबाव बनाकर खारिज करवा दिया गया। सुपरवाइजर की प्रताड़ना से तंग हितग्राही ने फिलहाल मऊगंज जिले के कलेक्टर अजय श्रीवास्तव से शिकायत दर्ज कराते हुए न्याय की गुहार लगाई है।